53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.5°c | अधिकतम 36.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:30, सूर्यास्त - 7:01 | वर्ष : 53/ अंक : 128 | शनिवार, 10 मई 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

स्वभाव हर किसी का अलग होता है, इसलिए कुछ लोग पलभर के लिए याद रहते हैं और कुछ लोग जिंदगी भर।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मोदी की सफल विदेश नीति से पाकिस्तान पूरे विश्व में अलग-थलग पड़ा : असीम अरुण




बात इतनी सी बता दे कोई पाकिस्तान को.. बूंद की क्या अहमीयत है वाइपर के सामने...


# पंजाब के कई शहरों पर किये गए ड्रोन हमले विफल, फिरोजपुर में परिवार के तीन सदस्य झुलसे

**जालंधर 09 मई (वार्ता)** पंजाब में अंधेरा होते ही पाकिस्तान ने फिरोजपुर, फाजिल्का, अमृतसर, होशियारपुर और पठानकोट पर हमला कर दिया जिन्हें सेना के डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही मार गिराना शुरू कर दिया। पाकिस्तान लगातार ड्रोन भेज रहा है। आसमान में लगातार धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है। हमले के बीच पठानकोट, फिरोजपुर, अमृतसर, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, फाजिल्का और पटियाला में ब्लैकआउट भी कर दिया गया है।

फिरोजपुर के एसएसपी वरिंदर सिंह ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से फिरोजपुर के गांव खाई बेमैंके में पांच से छह ड्रोन आए थे जिन्हें सेना ने मार गिराया है। इस हमले में एक घर पर ड्रोन गिरने से एक महिला सहित तीन लोग झुलस गए हैं। घायलों में लखविंदर , उसका बेटा मोनू और उसकी पत्नी शामिल हैं । घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। इससे पहले कल भी भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने पंजाब में तीसरी बार हमला किया था। शुक्रवार सुबह 5 बजे भी अमृतसर में पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन हमला हुआ। भारतीय सेना के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने खासा इलाके में 2 ड्रोन को नष्ट कर दिया।

होशियारपुर के कमाही देवी में एक रॉकेट भी गिरा मिला है। ऊंची बस्सी में आज रात 8:15 बजे धमाके सुने गए। यहां सेना का कैंप है। इस बीच पंजाब के सीएम भगवंत मान ने ऐलान किया है कि राज्य के सीमावर्ती इलाकों में 9 एंटी ड्रोन सिस्टम लगाए जाएंगे। फरीदकोट में करीब 13 घंटे इंटरनेट बंद रहा। अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए यह आदेश रात 12 बजे से लागू किया गया था। आज दोपहर 12:45 बजे इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई है। पंजाब के हालात को देखते हुए सरकार ने सभी आईएएस अफसरों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। उनके मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। सरकार के 10 मंत्री आज सीमावर्ती इलाकों का दौरा करेंगे। उधर, चंडीगढ़ में शुक्रवार सुबह 20 मिनट तक हवाई हमले का अलर्ट रहा। करीब 10 मिनट तक सायरन बजा। इसके बाद चंडीगढ़ में अफसरों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और उनके शहर से बाहर जाने पर रोक लगा दी गई है। चंडीगढ़ में 7 जुलाई तक पटाखों पर रोक लगाते हुए आदेश जारी किया गया कि अब यहां के सभी बाजार शाम 7 बजे बंद हो जाएंगे।







## राजस्थान के जैसलमेर, वाडमेर आदि स्थानों पाक के ड्रोन हमले

**जैसलमेर, 09 मई (एजेंसी)** जैसलमेर के पोकरण में पाकिस्तान की ओर से देर रात आधे घंटे में दो बार ड्रोन हमले किये गए। वहीं दूसरी ओर जैसलमेर के बाद वाडमेर में भी ड्रोन अटैक हुआ। बड़ी बात यह रही कि भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। ड्रोन अटैक के बाद वाडमेर में रेड अलर्ट और श्री गंगानगर में ग्रीन अलर्ट घोषित किया गया। बॉर्डर वाले जिलों वाडमेर, श्रीनगर, फलौदी, जैसलमेर के साथ जोधपुर में भी पूरी तरह ब्लैक आउट अगले आदेशों तक जारी रहेगा। जैसलमेर के मिलिट्री स्टेशन काउंटर इमरजेंसी एण्ड जंगल वॉर फेयर स्कूल, एयर फोर्स स्टेशन इलाकों में हमले किये गए। वहीं वाडमेर में उत्तर लाइन एयरबेस और जा लीपा मिलिट्री स्टेशन में ड्रोन अटैक करने की कोशिश की गयी। जोधपुर में समय से तीन घंटे पहले ही ब्लैक आउट करना पड़ा। वहीं अलवर में शादियों ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी की गयी।

## चंडीगढ़ में 7 बजे बाजार बंद करने का आदेश जारी : आतिशबाजी और पटाखे पर रोक लगाई

**चंडीगढ़, 09 मई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के चलते पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थान 12 मई तक बंद कर दिए गए हैं। वहीं ट्राईसिटी (चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली) में भी हाई अलर्ट है। ऐसे में चंडीगढ़ प्रशासन ने चंडीगढ़ के सभी मार्केट, शॉपिंग मॉल को शाम 7 बजे बंद करने का आदेश जारी किया है। इसके अलावा पटाखे और आतिशबाजी पर भी रोक लगा दी गई है। पंचकूला में भी जिला प्रशासन ने शाम 6 बजे से सभी दुकानों को बंद करने का फैसला लिया है। हालांकि जरूरी सामान जैसे मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे। वहीं मोहाली में रात 8 बजे सभी बाजार बंद हो जाएंगे। चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) ने जम्मू और कटड़ा के लिए अपनी बस सेवाएं बंद कर दी हैं। चंडीगढ़ व आसपास के इलाकों से कॉलेज के छात्र घरों को लौटने लगे हैं। चंडीगढ़ के 43 बस स्टैंड पर शुक्रवार को खासी भीड़ देखने को मिली। वहीं, शहर के कई इलाकों की सड़कों पर भी सन्नाटा पसरने लगा है। पाकिस्तान की तरफ से पंजाब के कई इलाकों में बीती रात को ड्रोन अलर्ट का बड़ा असर देखने को मिल रहा है और चंडीगढ़ से मोहाली जिले के बड़े कॉलेज यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रह रहे ज्यादातर स्टूडेंट्स अपना बैग पैक कर अपने-अपने घरों की तरफ रुख कर रहे हैं। बता दें कि पंजाब, हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के बड़ी संख्या में छात्र चंडीगढ़ के आसपास के निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करते हैं। हिमाचल प्रदेश से भी बड़ी संख्या में छात्र चंडीगढ़ के अलग-अलग संस्थानों पर पढ़ाई करते हैं, जो कि अब घर लौट रहे हैं। लांडरां रोड पर बने अलग-अलग कॉलेज यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स हॉस्टल छोड़ गए हैं। ज्यादातर स्टूडेंट्स का कहना है कि परीक्षाएं पोस्टपोन कर दी गई हैं। हमें कहा गया है कि जो घर जाना चाहता है, वह जा सकता है। क्योंकि अब एग्जाम की अगली तारीख जल्द बताई जाएगी। प्रशासन ने राशन सहित जरूरी चीजों को स्टोर करने पर रोक लगा दी है। चंडीगढ़ के डीसी निशांत यादव ने ये आदेश जारी किए हैं। ऐसे में कोई भी व्यक्ति, ट्रेडर, होलसेलर्स, रिटेलर्स किसी भी तरह की खाने की सामग्री का स्टॉक नहीं बना सकता। सभी को हिदायत दी गई है कि उनके पास जो स्टॉक है उसकी जानकारी डिपार्टमेंट ऑफ फूड एंड सप्लाई को दें। यदि कहीं पर महंगी फूड आइट्म्स बेची जा रही है, तो नागरिक इसकी शिकायत सेक्टर-17 स्थित कंज्यूमर्स अफेयर्स एंड लीगल मेट्रोलॉजी विभाग को दे सकता है। साथ ही 0172 2703956 पर शिकायत से सकते है। ये आदेश अभी से यानी 9 मई 2025 से लेकर 7 जुलाई 2025 तक जारी रहेंगे।

## नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी में एक महिला की मौत, चार घायल

**श्रीनगर, 09 मई (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सीमा पार से गुरुवार रात की गई गोलाबारी में एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कल रात पाकिस्तान ने कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तोपखाने से गोलाबारी तेज कर दी, जिसमें बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में करीब 50 संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। कल शाम पाकिस्तान की ओर से जम्मू पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करके झड़प बढ़ाने के कुछ ही देर बाद सीमा पार से भारी गोलाबारी शुरू हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि 38 वर्षीय नरगिस बशीर नाम की महिला की मौत तब हो गई जब वह जिस वाहन में यात्रा कर रही थी, वह पाकिस्तान की ओर से दागे गए गोले की चपेट में आ गया। महिला और उसके परिवार के कुछ सदस्य पाकिस्तान की ओर से गोलाबारी के बाद गांव से भागने के लिए एक वाहन में सवार हुए थे। विस्फोट में नरगिस की मौत हो गई, जबकि उसके तीन रिश्तेदार घायल हो गए। घायलों को बारामूला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। उरी सेक्टर में रात भर सीमा पार से भारी गोलाबारी हुई, मोर्टार और तोप के गोले नागरिक इलाकों में भी गिरे। सुबह तक भारी गोलाबारी जारी रही, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में भी इसी तरह की गोलाबारी की खबर है। चौकीबल, पंजगाम, सूंथीपोरा, डोलीपोरा, बटपोरा और रावतपोरा सहित कई गांवों में पाकिस्तानी गोले गिरे, जिससे निवासियों को घरों के अंदर शरण लेनी पड़ी।



इससे पहले कल देर रात पाकिस्तानी सेना ने पूरी पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों का इस्तेमाल करते हुए कई हमले किए। सेना ने कहा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम उल्लंघन (सीएफवी) किया। सेना के एडीजीपीआई ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, "ड्रोन हमलों को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया गया और सीएफवी का मुंहतोड़ जवाब दिया गया। भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नापाक इरादों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा।" पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से ही भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच गोलीबारी जारी है।

## राशन भरने की ऐसी मची होड़, जैसे अपना ही देश रहे हों छोड़



**मुजफ्फरनगर, 9 मई (बु.)।** जैसे ही भारत-पाक के बीच तनाव की घटना सुनी तो पूरे देश सहित एकाएक मुजफ्फरनगर में भी राशन भरने की होड़ मच गई। तरह-तरह की चर्चाओं के बीच कुछ लोग गुपचुप तो कुछ खुलकर राशन भरते देखे गए। ऐसे लोगों से जब सवाल पूछा गया कि राशन भरकर जाओगे कहां न तो शहर में कर्फ्यू लग रहा और न ही लॉकडाउन। न ही इस राशन को उठाकर किसी दूसरे शहर अथवा देश जाने से पेट भरने वाला है। यहीं रहना है और यहां के बाजारों में ही नहीं पूरे देश में खाद्य पदार्थों की कहीं कोई कमी नहीं आने वाली। दाल-चीनी-चावल-आटा, तेल, सब्जी आदि खाद्य पदार्थ सब पर्याप्त मात्रा में हैं, ऐसे में किरयाना दुकानों की ओर किस बात की दौड़ लगी है, किसी के पास भी इस बात का उपयुक्त जवाब नहीं मिला। बस एक दूसरे की देखादेखी और देश के साथ-साथ दिल-दिमाग में चल रहे तनाव के चलते कि कहीं कुछ बड़ा घटित न हो जाए सिर्फ इस चक्कर में घर में राशन भरने की होड़ लगी हुई है।

### स्टॉक लगाकर महंगा सामान बेचने वालों पर रहेगी प्रशासन की निगाहें

**मुजफ्फरनगर। जैसा कि लॉकडाउन के समय देखा गया था कि सरसों के तेल और रिफाइंड के साथ-साथ दाल-चीनी-चावल आदि खाद्य वस्तुओं का भारी भरकम स्टॉक किरयाना व्यापारियों द्वारा किया गया था। बाजार में सारे माल की कमी दिखाकर उन्हें महंगी दरों पर बेचा गया था। आम जनता अभी भी इस बात से डर रही है कि स्टॉक लगाने वाले व्यापारी इस दौरान भी यही खेल कर सकते हैं, मगर यह बात शासन के कानों में पहले से ही चली गयी है और शुक्रवार को ही सरकार द्वारा यह घोषणा की गयी कि देश में किसी प्रकार के खाद्य पदार्थ की कमी कहीं नहीं है। ऐसे में किसी भी प्रकार के राशन भरने की होड़ में न पड़ें। यदि कोई जमाखोर अपने दुकान अथवा गोदाम में स्टॉक लगाकर यह दर्शाने की कोशिश करता है कि बाजार में माल की कमी है और उसे महंगी दरों पर बेचने की कोशिश करता है तो हर हाल में प्रशासन ऐसे लोगों पर कार्यवाही के लिए मुस्तैद है। सरकार का कहना है कि यदि आपदा के समय किसी ने अवसर ढूंढने का प्रयास किया तो उसका माकूल इलाज किया जायेगा।**

**अलर्ट मोड पर अपना जनपद**


## सायरन का ट्रायल कर किया अलर्ट

**मुजफ्फरनगर, 9 मई (बु.)।** जिस दिन भारत-पाक सीमा पर तनाव व्याप्त हुआ था, उससे अगले दिन शाम को ब्लैक आउट व रेड एयर सायरन बजाने के आदेश जारी किये गए थे। आदेशों के बावजूद मॉक ड्रिल का आयोजन तो हुआ था मगर आधी अधूरी तैयारियों के साथ हाफ ब्लैकआउट ही हो पाया था। हाफ ब्लैक आउट होने का कारण यही था कि प्रशासन ने रात्रि के 8 बजे ब्लैक आउट होने से पहले रेड एयर सायरन बजने की बात कही थी मगर उक्त सायरन पूरे शहर में कहीं नहीं सुनाई देने के कारण ब्लैक आउट का 15 मिनट का समय यह देखते देखते गुजर गया कि कब सायरन बजे और कब लोग लाइट बंद करें। इस खामी को दूर करते हुए शुक्रवार को प्रशासन और अधिक अलर्ट होता दिखा। मीनाक्षी चौक के निकट स्थित एक स्कूल में सायरन का ट्रायल करते हुए एक नहीं बल्कि दो दो बार सायरन की आवाज सुनाई दी। बिना सूचना के जब यह सायरन बजते सुनाई दिये तो आसपास के क्षेत्र में लोग अलर्ट हो गए और लोगों ने कहा कि अचानक ये क्या हुआ तो प्रशासन से जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि देश के हालात तनावपूर्ण होने के चलते हर प्रकार की तैयारी की जा रही हैं। ऐसे में विभिन्न स्थानों पर एक दर्जन से अधिक स्कूलों आदि में यह सायरन कल तक लगाए जाएंगे और किसी भी आपात स्थिति में इन सायरनों को बजाकर आम जनता को सजग किया जायेगा। इसी के साथ साथ शहर में हरेक चौराहे पर लाउड स्पीकर भी लगाए गए हैं। प्रशासन का मानना है कि यदि कोई आपात स्थिति पैदा हुई तो प्रशासन सीधे माइक से शहर के मुख्य इलाकों में इन लाउड स्पीकरों के जरिए अपनी बात पहुंचाने में सफल होगा। फिलहाल इन लाउड स्पीकरों से देशभक्ति गीत बजाकर माहौल को देशभक्तिमय किया जा रहा है। प्रशासन का यह भी बताना है कि पूरे यूपी को हाईअलर्ट मोड पर रखा गया है। जनपद के सभी 8 सर्किलों पर 8 हैड क्वार्टर तैयार किये गए हैं। एसडीएम व सीओ को प्रभारी बनाकर एक समिति बनाई गयी है। समिति में बिजली व नगर पालिका के कर्मचारियों को भी रखा गया है। सभी हैड क्वार्टर के प्रभारियों को उनके क्षेत्र के धार्मिक स्थलों, बिजली प्लांट व औद्योगिक स्थानों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके अलावा पीएसी, होमगार्ड व पीआरडी जवानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं पुलिस लाइन में रिजर्व पुलिस को ब्रीफ कर दिया गया है।




## पाकिस्तान जिन्दाबाद बोलकर फंस गए जनाब, वीडियो वायरल होने के बाद बोले-कर रहे थे मजाक

**मुजफ्फरनगर, 9 मई (बु.)।** भारत पाकिस्तान तनाव के बीच मुजफ्फरनगर में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में अंसारी रोड निवासी हाजी अनवर जमील पुत्र जमील अहमद एडवोकेट पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। बस यह वीडियो वायरल होने की देर थी, पूरे शहर में इस बात की चर्चाएं जोरों पर होने लगी कि ऐसे माहौल में कौन ऐसा व्यक्ति निकल गया जिसे पाकिस्तान से प्रेम है और सोशल मीडिया पर अनवर जमील को पाकिस्तान भेजने की बात की जाने लगी। इसी बीच यह वीडियो बघरा के यशवीर महाराज के पास पहुंचा तो उन्होंने अपनी फेसबुक पर लगाते हुए पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी कि 24 घंटे के अंदर अनवर जमील के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही न हुई तो हिन्दू संगठनों के द्वारा अगला कदम उठाया जाएगा। आनन-फानन में दो थानों की पुलिस अंसारी रोड स्थित जमील हॉस्पिटल पहुंची। उस समय तो जमील वहां नहीं मिले मगर कुछ देर बाद जमील को हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में लेने के बाद जमील ने पूरा घटनाक्रम बताते हुए कहा कि लगभग चार महीने पहले आस्ट्रेलिया-पाकिस्तान का मैच चल रहा था और यह मैच वह आकाश चौधरी नामक एक व्यक्ति के साथ बैठकर देख रहे थे जो कि उनके ही बच्चों का कोच है। आकाश चौधरी ने कहा कि एक बार पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाकर दिखाओ तो अनवर के मुताबिक उन्होंने मजाक में नारा लगा दिया। अनवर का कहना है कि आकाश चौधरी ने उसे इस बात के लिए कई बार प्रताड़ित किया कि मैं तुम्हारी यह वीडियो वायरल कर दूंगा, मैने इस बात को मजाक समझा मगर आज आकाश चौधरी ने जो चार महीने पहले बात की थी वह आज पूरी कर दी थी और मेरा उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल दिया। अनवर का कहना था मेरा किसी प्रकार का कोई उद्देश्य किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था, वह पूरी तरह से हिन्दुस्तान का है, हिन्दुस्तान का ही रहेगा। हिंदुस्तान जिंदाबाद का नारा लगाते हुए अनवर ने अपनी ताजा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया और देर शाम अनवर को जेल भेज दिया गया।



### देर रात पाकिस्तान जिंदाबाद बोले अनवर भेजे गए जेल



## फोन पर बात करते-करते मोबाइल से उठने लगा धुआं, हुआ धमाका

**खतौली, 9 मई (बु.)।** बात करते-करते अचानक मोबाइल फोन से धुआं उठने व मोबाइल फटने से परिजनों सहित पड़ोसियों में हड़कम्प मच गया। गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई। नगर की आवास विकास कॉलोनी निवासी रोहित भारद्वाज ने बताया कि वह घर पर अपने मोबाइल से किसी से बात कर रहा था, तभी अचानक फोन से धुआं उठता दिखाई दिया। किसी अनहोनी की आशंका से रोहित ने मोबाइल फोन तत्काल जमीन पर फेंक दिया। कुछ ही पलों में अचानक फोन में जोरदार धमाका हुआ तथा फोन में आग लग गयी। धमाके की आवाज सुनकर परिजनों में हड़कम्प मच गया। धमाके की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना तत्काल 112 पर पुलिस को दी गयी। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



### शहबाज से नहीं संभल रहा पाकिस्तान! लंदन से लौटे पूर्व पीएम नवाज शरीफ

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसी)।** भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अब पूर्व पीएम नवाज शरीफ भी लंदन से अपने स्वदेश लौट आए हैं। इस्लामाबाद में वह अपने नेताओं के साथ बैठकें ले रहे हैं। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के प्रमुख नवाज शरीफ ने गुरुवार देर शाम प्रधानमंत्री आवास में एक सुरक्षा बैठक में भाग लिया। नवाज शरीफ ने अपने छोटे भाई और मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भारत के साथ कूटनीतिक रूप से तनाव कम करने की सलाह दी। पाकिस्तान के न्यूजपेपर द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने कहा कि पूर्व पीएम नवाज शरीफ चाहते हैं कि सरकार दोनों परमाणु-सशस्त्र राज्यों के बीच शांति बहाल करने के लिए सभी उपलब्ध राजनयिक संसाधनों का उपयोग करें। नवाज शरीफ के हवाले से कहा गया कि मैं आक्रामक रुख अपनाने के पक्ष में नहीं हूं।

## नहीं हो सकी पूर्व विधायक मौ. गाजी के मामले में सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 9 मई (बु.)।** मोबाइल प्रकरण में जेल में बंद शाहनवाज राना के समधी पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी से पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। तभी से वे जेल में बंद हैं और लगातार उनकी जमानत पर किसी न किसी कारण सुनवाई नहीं हो पा रही है। आपको बता दें कि शाहनवाज के समधी के नौकर आमिर के नाम पर एक सिम बरामद हुआ था। यह सिम शाहनवाज को जेल तक पहुंचाया गया था। उसके बाद इस मामले में शाहनवाज के समधी को नई मण्डी थाने पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जिंदल ने बताया कि गाजी की जमानत पर सुनवाई नहीं हो सकी वहीं पुलिस ने इस मामले में रिमांड बनवाने के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। रिमांड पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 23 मई की तिथि नियत की है।



मौहम्मद गाजी



## बड़ी सफलता, एक लाख का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 9 मई (बु.)।** देर रात खालापार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया। उक्त वाहन चोर 1 लाख का इनामी है। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली प्रभारी अमित रोरिया जिस समय पुलिस टीम के साथ चरथावल रोड न्याजूपुरा में चैकिंग कर रहे थे, इसी दौरान बाइक सवार एक संदिग्ध व्यक्ति टीम को देखते ही बाइक मोड़कर भागने लगा, संदिग्ध व्यक्ति की ऐसी हरकत देख पुलिस ने उसका पीछा किया तो बदमाश ने अपने पीछे पुलिस को लगा देख उन पर फायरिंग कर डाली जिसमें पुलिस को जवाबी फायरिंग करनी पड़ी। जवाबी फायरिंग में मक्कीनगर थाना खालापार निवासी परवेश सैफी हाल निवासी लद्दावाला पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व बाइक बरामद की। थाना प्रभारी का बताना है कि घायल बदमाश मेरठ जनपद से 1 लाख, मुरादाबाद से पचास हजार रुपये का इनामी रह चुका है। उस पर दिल्ली, मेरठ, मुरादाबाद में दस आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं खालापार थाना पुलिस ने देर रात मुठभेड़ में काली नदी के पास से वाहन चोर गुफरान निवासी बघरा व टाटा गाड़ी को बरामद किया। गाड़ी पर फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई थी। बदमाश ने बताया कि उसने यह गाड़ी हरियाणा के पंचकुला से चोरी की थी। पुलिस ने गुफरान के पास से दो वाहन तोड़ने के उपकरण आदि सामान बरामद किया है। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।



# पाकिस्तान में भगदड़! भारत के ऑपरेशन सिंदूर से कांपे पाकिस्तानी फौजी

## भारत के पलटवार से पाकिस्तान में पैनिक, कैंट छोड़कर भाग रहे फौजी

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद, 09 मई (एजेंसी)।** पाकिस्तान की नापाक हरकतों का भारत ने ऐसा करारा जवाब दिया है कि वहां की फौज तक दहशत में आ गई है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की सैन्य ताकत की पोल खोल दी है। गुरुवार रात पाकिस्तान ने भारत के 11 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने उनके 50 से ज्यादा ड्रोन हवा में ही उड़ा दिए। इसके बाद जो हुआ, उसने पाकिस्तान को हिला कर रख दिया। भारतीय सेना ने पलटवार करते हुए पाकिस्तान के लाहौर, इस्लामाबाद, कराची, पेशावर, सियालकोट और मुजफ्फराबाद जैसे प्रमुख शहरों को निशाना बनाया। जवाबी हमलों में भारत ने पाकिस्तानी सेना के कई ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस बीच पाकिस्तान की सैन्य छावनियों में ऐसा डर बैठा कि वहां तैनात जवान और उनके परिवार तक सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत की छावनियों में तेजी से खाली कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कराची, सियालकोट और पेशावर के मिलिट्री बेस पर भारी तनाव है। फौजियों को लग रहा है कि भारत अब किसी भी वक्त पूरी ताकत से हमला कर सकता है। इसी डर से पाकिस्तान सेना ने अपने उच्च अधिकारियों के आदेश पर परिवारों को कैंट से बाहर निकालना शुरू कर दिया है।

**भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम बना दुश्मन का काल** इस पूरी कार्रवाई में भारत की सबसे बड़ी ताकत बने चार घातक एयर डिफेंस सिस्टम एस-400, एल-70 गन, जेडयू-23एमएम और शिल्का सिस्टम। इन चारों बाहुबली तकनीकों ने पाकिस्तान के ड्रोन हमले की रणनीति को पलभर में चूर-चूर कर दिया। हर दिशा से आने वाले पाकिस्तानी ड्रोन को इन सिस्टम्स ने हवा में ही नष्ट कर दिया, जिससे भारत में कोई नुकसान नहीं हुआ। जम्मू क्षेत्र में पाकिस्तान ने आठ मिसाइलें दागीं, लेकिन ये सभी मिसाइलें अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही भारतीय सेना ने रोक लीं। इसके अलावा सांबा जिले में बीएसएफ ने एक घुसपैठ की कोशिश को भी नाकाम किया, जिससे पाकिस्तान की बौखलाहट और बढ़ गई। सेना के अनुसार, पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्षविराम का उल्लंघन किया गया। इसके बावजूद भारतीय सेना ने धैर्य रखते हुए रणनीतिक जवाब दिया और पाकिस्तान को कड़ा संदेश दे दिया।

**पाकिस्तानी मीडिया में मचा मातम** पाकिस्तान के मीडिया चैनलों पर इस वक्त मातम सा माहौल है। टीवी स्क्रीन पर जलते हुए ठिकाने, रोते हुए फौजी परिवार और सन्नाटा पसरा हुआ कैंट क्षेत्र दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में पाकिस्तान के नागरिक सरकार से जवाब मांगते और छावनी क्षेत्र में से भागते नजर आ रहे हैं। **पाकिस्तान को भारत की चेतावनी** भारतीय सेना ने साफ कर दिया है कि अगर पाकिस्तान ने दोबारा कोई हरकत की, तो अगली बार कार्रवाई और भी जबरदस्त होगी। सेना ने कहा, देश की सुरक्षा से समझौता नहीं होगा। हर गोली का जवाब मिसाइल से देंगे।




### भारत के जवाबी एक्शन के 10 बड़े घटनाक्रम:

- पाकिस्तान ने भारत के 11 शहरों पर ड्रोन हमले किए
- भारत ने 50 से अधिक ड्रोन नष्ट कर दिए
- भारत ने पाक के 8 बड़े शहरों पर जवाबी कार्रवाई की
- जम्मू में गिरीं पाक की 8 मिसाइलें, कोई नुकसान नहीं
- एलओसी पर पूरी रात गोलीबारी करता रहा पाकिस्तान
- ऑपरेशन सिंदूर के तहत चला भारत का रणनीतिक हमला
- बीएसफ ने सांबा में घुसपैठ की कोशिश को रोका
- पाक के सिंध-पंजाब में सेना कैंट खाली कराई जा रही
- पाकिस्तान ने अमेरिका और चीन से लगाई गुहार
- भारत की ओर से फिर चेतावनी, अगली बार और जोरदार प्रहार होगा।

## भारत-पाकिस्तान तनाव: श्रीलंका ने पाकिस्तान को दिया करारा झटका!

**- भारत-पाक तनाव पर श्रीलंका का बड़ा फैसला: -पाकिस्तान को तगड़ा झटका।**
**-किसी देश को युद्ध के लिए अपनी जमीन नहीं देगा,- भारत से करीबी, चीन को भी दिखाई लिमिट**

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच छिड़े तनाव और हवाई हमलों के बाद अब पड़ोसी देश श्रीलंका ने अपने रुख को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। श्रीलंकाई सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि उसका क्षेत्र किसी भी देश द्वारा युद्ध के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। श्रीलंका के इस स्टैंड को भारत के लिए सकारात्मक माना जा रहा है, वहीं पाकिस्तान और उसके दोस्त चीन के लिए यह संकेत बेहद मायने रखता है। भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया ड्रोन और एयर स्ट्राइक के दौर के बीच श्रीलंका की भूमिका पर अंतरराष्ट्रीय निगाहें टिकी थीं। ऐसे में श्रीलंकाई कैबिनेट के प्रवक्ता नलिंदा जयतिस्सा ने मीडिया ब्रीफिंग में साफ किया कि श्रीलंका हिंद महासागर क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सैन्य गतिविधि में शामिल नहीं होगा और न ही अपने भू-भाग को किसी दूसरे देश के खिलाफ उपयोग करने देगा। ये बयान ऐसे समय आया है जब भारत ने पाकिस्तान द्वारा भेजे गए दर्जनों ड्रोन को मार गिराया है और जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर करारा प्रहार किया है। श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके का पहला विदेश दौरा भारत रहा। यही नहीं, भारत ने आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को राहत पैकेज दिलाने में भी मुख्य भूमिका निभाई थी। कूटनीतिक रूप से यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। विशेष बात यह है कि श्रीलंका ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब चीन, जो पाकिस्तान का रणनीतिक सहयोगी है, लगातार श्रीलंका में अपने पांव फैला रहा है। बावजूद इसके, श्रीलंका ने न्यूट्रल स्टैंड लेकर भारत के पक्ष में अप्रत्यक्ष रूप से मोर्चा खोल दिया है। भारत से हुए तगड़े जवाब के बाद अब श्रीलंका की दूरी ने पाकिस्तान की रणनीति को और कमजोर कर दिया है। पहले ही भारत की एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान की नींव हिल चुकी है, वहीं श्रीलंका के इस रुख से उसकी "चीन कार्ड" की उम्मीदों पर भी पानी फिर गया है। श्रीलंका पर चीन का भारी निवेश और कर्जदारी है। हंबनटोटा पोर्ट जैसी रणनीतिक जगहें पहले ही चीन के कब्जे में जा चुकी हैं। इसके बावजूद श्रीलंका ने अपने बयान में संतुलन रखते हुए साफ कर दिया कि उसकी सरजमीं का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने दिया जाएगा। यही बयान पाकिस्तान के लिए कूटनीतिक तौर पर तगड़ी चोट है। श्रीलंका के इस रुख के बाद दुनिया की बड़ी शक्तियों की निगाहें उस पर टिक गई हैं। अमेरिका, जापान और यूरोप पहले से ही भारत के समर्थन में हैं। अब श्रीलंका का स्पष्ट रुख आने से भारत को कूटनीतिक मोर्चे पर और मजबूती मिली है। भले ही श्रीलंका ने खुद को तटस्थ बताया हो, लेकिन भारत के लिए यह "नैतिक समर्थन" की तरह है। इसके चलते पाकिस्तान को दक्षिण एशिया के एक और देश से झटका लगा है। पहले बांग्लादेश ने पाकिस्तान से दूरी बनाई, अब श्रीलंका ने भी अपनी सीमाएं भारत विरोधी गतिविधियों के लिए बंद कर दी हैं।

## पौराणिक तीर्थ शुकतीर्थ की अब बदलेगी दिशा और दशा

### - एडीएम ई. ने प्रस्ताव बनाकर डीएम को भेजा, कवायद तेज

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** महाभारत कालीन इतिहास को अपने में समेटने के साथ ही श्रीमद् भागवत कथा की धार्मिक गंगोत्री के उद्गम स्थल शुकतीर्थ में जल्द विकास को पंख लगने के साथ अब उसे नगर का दर्जा दिलाने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए शुकतीर्थ को नगर पंचायत बनवाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसे जिलाधिकारी जल्द ही शासन को भेजेंगे और शासन की स्वीकृति के बाद शुकतीर्थ को एक शहर के रूप में विकसित करते हुए वहां जनसुविधाओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाने का काम शुरू किया जायेगा। महाभारत कालीन पौराणिक तीर्थ शुकतीर्थ किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वीतराग संत स्व. स्वामी कल्याण देव महाराज के प्रयासों से इस तीर्थ नगरी के विकास का सफर शुरू करने के साथ यह स्थल सदैव वीवीआईपी मूवमेंट के कारण देश-दुनिया में सुर्खियों में रहा है। भागवत कथा की जन्मस्थली के रूप में भी इस प्राचीन तीर्थ को पहचाना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस तीर्थ के समुचित विकास के लिए शुकतीर्थ विकास परिषद् का गठन किया गया। वीआईपी



मूवमेंट के बीच जिला प्रशासन को सुरक्षा और व्यवस्था बनाने के लिए संसाधन जुटाने के लिए मुख्यालय पर निर्भर रहना पड़ता है। भविष्य में शुकतीर्थ को आत्म निर्भर बनाने के साथ भौगोलिक तथा आर्थिक विकास के लिए इसे नगर पंचायत का दर्जा देने की तैयारी की गई है। इसके लिए एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने शुकतीर्थ को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर जिलाधिकारी को सौंप दिया है। एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि शुकतीर्थ में हमेशा वीआईपी व वीवीआईपी मूवमेंट के कारण वहां व्यवस्था के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है और मुख्यालय पर ज्यादा जिम्मेदारी रहने के कारण संसाधन जुटाने के लिए काफी समय और श्रम लगता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए शुकतीर्थ को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने का प्रयास शुरू किया गया है। इसके लिए उन्होंने प्रस्ताव तैयार करते हुए जिलाधिकारी को प्रेषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत गठन के लिए 20 हजार परिवारों की आबादी होना जरुरी है। इसके लिए शुकतीर्थ बांगर, शुकतीर्थ खादर और फिरोजपुर सहित पांच गांवों को मिलाकर नगर पंचायत बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है, जल्द डीएम स्तर से इस प्रस्ताव को शासन को भेजेंगे और शासन की स्वीकृति मिली तो शुकतीर्थ जिले की 11वीं नगरीय निकाय के रूप में वजूद में आयेगा।

## भगवान जगन्नाथ व महालक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करने वाला पहला भवन बना संकीर्तन भवन







**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** नई मंडी स्थित संकीर्तन भवन में शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूजा अर्चना करते हुए किया गया। इस दौरान संकीर्तन भवन में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

शुक्रवार को नई मंडी स्थित संकीर्तन भवन में आयोजित किए कार्यक्रम में भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना में मुख्य रूप से प्रमुख समाजसेवी व उद्यमी भीम कंसल, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, व्यापारी नेता संजय मितल, विपुल भटनागर, कार्तिक अग्रवाल, विशाल गर्ग, सुरेंद्र बंसल, सोनू बंसल, नीरज बंसल, प्रखर बंसल, राघव बंसल, अनिल बंसल, अनिरुद्ध बंसल, रिंकल बंसल, बीना बंसल, मंजुला बंसल, रश्मि, शिखा, रामनिवास मित्तल, आदित्य भरतिया, विनय गोयल, अंकित गर्ग, अनिल बाबरी, देवेंद्र गर्ग, पराग गोयल, अभिषेक अग्रवाल, नीलकमल पुरी, अमित गर्ग, राजेश बत्रा, रश्मि बंसल, अक्षिता बंसल, प्रीति अग्रवाल, प्रीति बत्रा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान संकीर्तन भवन में भक्ति की वैतरणी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

## सांसद इकरा के विरुद्ध गलत टिप्पणी करने वाले युवक के विरुद्ध दी तहरीर



**बुढ़ाना, 9 मई (बु.)।** कैराना लोकसभा क्षेत्र की समाजवादी पार्टी की सांसद चौधरी इकरा हसन सहित अन्य नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले युवक के विरुद्ध बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देकर सपा कार्यकर्ताओं ने रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के उपाध्यक्ष प्रदीप डबास ने बुढ़ाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए बताया कि फेसबुक सोशल मीडिया पर निकेश जीवना के नाम से एक आईडी संचालित है, जिसमें कई दिनों से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव, लोकसभा आश्वासन समिति के अध्यक्ष व मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद हरेन्द्र मलिक, भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत व कैराना से सांसद इकरा हसन के विरुद्ध अशोभनीय अपशब्दों व देशद्रोही, गद्दार जैसे शब्दों का लगातार प्रयोग किया जा रहा है, जिससे समाज में भारी रोष उत्पन्न हो गया है। वर्तमान समय में जब देश में युद्ध का माहौल है। इस तरह के व्यक्तियों के द्वारा सौहार्द्र को बिगाड़ने का प्रयास बहुत दुःखद है। सपा नेता ने युवक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## माउंट लिट्रा जी स्कूल के छात्रों का ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बुस.)।** माउंट लिट्रा जी स्कूल मुजफ्फरनगर के छात्रों ने हाल ही में आयोजित ओलम्पियाड प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न विषयों में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में मिले इन पदकों ने न केवल छात्रों की मेहनत और लगन को दर्शाया, बल्कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को भी सिद्ध किया। विद्यालय की निर्देशिका चारू भारद्वाज ने विजयी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्रों और उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

## एम.जी. पब्लिक स्कूल में जीवन कौशल पर कार्यशाला का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बुस)।** एम.जी. पब्लिक स्कूल परिसर में सीबीएसई द्वारा चलाये जा रहे शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत जीवन कौशल विषय पर आधारित क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग करते हुए मल्टी टास्किंग व्यक्तित्व के महत्व को समझा और कठिन समय में निर्णय लेने की क्षमता के कौशल को सीखा। एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को सीबीएसई-सीओई देहरादून के अन्तर्गत क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में जीवन कौशल पर आधारित कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में पहुंचे सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन डॉ. गीता शुक्ला और दीपक कुमार धीमान का प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात कार्यशाला को प्रारम्भ किया गया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि विद्यालय में समय समय पर सीबीएसई के मार्गदर्शन में शिक्षकों की क्षमता संवर्धन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाता रहता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को आयोजित



कार्यशाला में जीवन कौशल को निखारने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का काम किया गया। आज प्रथम दिवस पर विद्यालय के कक्षा-9 से कक्षा-12 तक के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने इस कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कहा कि जीवन कौशल पर आधारित कार्यशाला का आयोजन शिक्षकों को व्यक्तिगत व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया। इसमें संसाधन व्यक्तियों डॉ. गीता शुक्ला और दीपक कुमार धीमान ने कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता, प्रभावी और परस्पर संवाद, भावनात्मक समझ और जुड़ाव, समस्या समाधान के लिए सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रतिभागी शिक्षिक-शिक्षिकाओं को जरूरी जीवन कौशल के बारे में जानकारी प्रदान कर उनको प्रशिक्षित किया। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों और व्यावहारिक उदाहरण के साथ शिक्षकों को एक मल्टी टास्किंग पर्सनेल्टी डवलप करने और आज के दौर में इसके महत्व को भी समझाया। शिक्षकों को तनावमुक्त रहते हुए शिक्षा के समग्र विकास को बढ़ावा देने में सक्षम बनाने के लिए आत्म-जागरूकता, सहानुभूति और निर्णय लेने जैसे आवश्यक जीवन कौशल को अपनाने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने संसाधन व्यक्ति डॉ. गीता शुक्ला और दीपक कुमार धीमान को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर आभार जताया। कार्यशाला में सभी शिक्षक-शिक्षकाओं और स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु सभी विभागों के अधिकारियों के साथ किया गया मंथन



**चरथावल, 09 मई (बु.)।** थाने पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने सभी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोनिवि विभाग, राजस्व विभाग, नगर विकास विभाग सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में देश में वर्तमान हालत को लेकर चर्चा की गई। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु सभी विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर से जो भी तैयारी हो सकती है उसको पूर्ण करें। आपातकालीन स्थिति में लोगों की किस तरह मदद की जा सकती है तथा लोगों को किस तरह आपातकाल स्थिति से बचाया जा सकता है, इस पर मंथन किया गया। साथ ही निर्देश दिए गए कि सभी ग्रामवासियों को जागरूक करे। बैठक में तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़, पूर्ति निरीक्षक, एसडीओ, सीएचसी प्रभारी, एबीएसए आदि मौजूद रहे।

### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 09 मई, (बु.)।**
गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1280-1285, चाकू 1530-1720, लडडू 1650-1712, खुरपापाड़ 1500-1530, शक्कर मसाला-1650-1667, आमद-2000 मन।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 09 मई, (बु.)।**
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98,500 | चांदी- | 97500 |
| सिक्का- | 1100 | गिन्नी- | 73375 |



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## जान बचाकर भागी पाक सेना! बीएलए का दावा, कर लिया एक-तिहाई बलूचिस्तान पर कब्जा

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसी)।** बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया कि उसने एक तिहाई बलूचिस्तान पर कब्जा कर लिया है। बीएलए ने दावा किया है कि पाकिस्तानी सेना अपनी चौकी छोड़कर भाग चुकी है। बीएलए ने अफगानिस्तान-ईरान से सटे हिस्से पर कब्जे का दावा किया है। इस बीच पाकिस्तान के कई इलाकों में इमरजेंसी जैसे हालात बने हुए हैं। लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी गई है। बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बयान जारी कर कहा कि उसने मस्तूंग और लाखी में पाकिस्तानी सेना और उसके सहयोगियों पर छह अलग-अलग हमले किए। इन हमले में पाकिस्तानी सेना, उसके खुफिया और कम्युनिकेशन टॉवर को निशाना बनाकर रिमोट कंट्रोल आईईडी से और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से हमले किए। बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) कहा कि गुरुवार तड़के 4 बजे उसने जमरान के ढांग इलाके में पाकिस्तानी सेना के भार डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीएस) के जवानों को निशाना बनाया। बीएलए के अनुसार सेना के एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई। बीएलए ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तानी सेना के कई ठिकानों पर कई ग्रेनेड फेंके, जिसमें कई सेनाओं की मौत हो गई। बलोच मजदूर मशीन मैन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि स्थानीय लोगों को कब्जा करने वाली ताकतों को कोई भी सहायता या मदद देने से बचना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक इससे पहले पाकिस्तानी सेना के फ्रंटियर कोर मुख्यालय को हथियारबंद लोगों ने निशाना बनाया। क्वेटा के जंगल बाग के कंबरानी रोड पर अज्ञात लोगों ने पाकिस्तानी सेना के कैप्टन सफर खान चेक पोस्ट को निशाना बनाया और कई विस्फोटों के बाद गोलीबारी की। पाकिस्तान ने गुरुवार (8 मई 2025) की रात को जम्मू, पठानकोट, उधमपुर सहित कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला करने की कोशिश की थी, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। इसके बाद भारत ने पलटवार करते हुए लाहौर और कराची में जवाबी कार्रवाई की है।

## भारत से यूएई ने निभाई दोस्ती! पीसीएल के लिए पाकिस्तान को नहीं देगा ग्राउंड

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की पीएसएल सीजन 10 के बचे हुए मैचों को संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित करने की उम्मीदों को बड़ा झटका लग सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सीमा तनाव के बीच अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को इस बात की चिंता है कि इससे क्या नतीजे हो सकते हैं। एक सोर्स के अनुसार पाकिस्तान को तगड़ा झटका लग सकता है। पाकिस्तान बोर्ड ने कहा कि टूर्नामेंट के आखिरी आठ मैच, जो पहले रावलपिंडी, मुल्तान और लाहौर में होने वाले थे, अब यूएई में आयोजित किए जाएंगे. हालांकि, अमीरात क्रिकेट बोर्ड में इस घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर संकेत दिया है कि बोर्ड भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से उत्पन्न होने वाली संभावित सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए यूएई में पीएसएल के बचे हुए मैचों की मेजबानी को मंजूरी देने की संभावना नहीं है। सूत्र ने कहा कि यूएई में दक्षिण एशियाई आबादी काफी ज्यादा है जो क्रिकेट का आनंद लेती है। ऐसी तनावपूर्ण परिस्थितियों के बीच पीएसएल जैसे टूर्नामेंट की मेजबानी करने से माहौल बिगड़ सकता है। इससे सुरक्षा में जोखिम पैदा हो सकता है यहां रह रहे लोगों के बीच टकराव पैदा हो सकता है। हाल के घटनाक्रमों ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड को पीसीबी के सहयोगी के रूप में देखे जाने से सावधान कर दिया है।

## कल रात लेह से लेकर सर क्रीक तक क्या-क्या हुआ, सेना ने गिनाया पाक का हर पाप

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेशमंत्रालय और सेना ने पाकिस्तान की करतूतों की एक-एक जानकारी देश के सामने रखी है। प्रेस ब्रीफिंग में बताया गया कि कल रात पाकिस्तान ने उकसावे वाली कार्रवाई की, लेकिन भारतीय सशस्त्र बलों ने बहुत जिम्मेदारी से जवाब दिया, जिसमें पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान ने 36 जगहों पर हमला करने की नाकाम कोशिश की। पाकिस्तान के निशाने पर सैन्य ठिकाने थे। इसके साथ ही पाकिस्तान ने एलओसी पर भी भारी फायरिंग की। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सभी हमलों को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान ने 8-9 मई की रात को सीमा का उल्लंघन किया। रिहाइशी इलाकों को भी निशाना बनाया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि 8-9 मई की मध्यरात्रि को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सेना पर भारतीय वायुक्षेत्र का कई बार उल्लंघन किया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि रात में पाकिस्तान के सशस्त्र (मानव रहित हवाई वाहन) ने बठिंडा सैन्य स्टेशन को निशाना बनाने की कोशिश भी की, जिसे पकड़ कर निष्क्रिय कर दिया गया। पाकिस्तानी हमले के जवाब में पाकिस्तान में 4 हवाई रक्षा स्थलों पर सशस्त्र ड्रोन लॉन्च किए। हमारे सशस्त्र बलों ने उन्नत प्रणालियों का इस्तेमाल करते हुए कई पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। पूरी पश्चिम सीमा पर भारतीय वायु क्षेत्र का कई बार उल्लंघन किया गया। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा कल रात की गई ये भड़काऊ और आक्रामक कार्रवाइयां भारतीय शहरों और नागरिक बुनियादी ढांचे के अलावा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की गईं। भारतीय सशस्त्र बलों ने आनुपातिक, पर्याप्त और जिम्मेदारी से जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर वाले हथियारों से गोलीबारी भी की। लेह से सर क्रीक तक 36 स्थानों पर 300 से 400 ड्रोनों का इस्तेमाल घुसपैठ के लिए किया। भारतीय बलों ने कई ड्रोनों को मार गिराया। इतने बड़े पैमाने पर हवाई घुसपैठों का संभावित मकसद वायु रक्षा प्रणालियों का परीक्षण करना और खुफिया जानकारी इकट्ठा करना था। ड्रोन के मलबे की फरेंसिक जांच की जा रही है। रिपोर्ट से पता चलता है कि वे तुर्की के ड्रोन हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि पाकिस्तान ने कल रात कायर और उकसावे वाली हरकत की। भारतीय शहरों और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की गई। पाकिस्तान को इसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। पाकिस्तान ने पुंछ में गुरुद्वारे पर भी हमला किया। इस हमले में गुरुद्वारे के कुछ लोगों की मौत भी हुई। पाकिस्तान दुनिया के सामने दुष्प्रचार कर रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि अपनी हरकतों को स्वीकार करने के बजाय पाकिस्तान ने यह बेतुका और अपमानजनक दावा किया कि भारतीय सशस्त्र बल अमृतसर जैसे अपने ही शहरों को निशाना बना रहे हैं और पाकिस्तान पर दोष मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। पाकिस्तान ने गलत सूचना फैलाई कि भारत ने ड्रोन हमले के जरिए ननकाना साहिब गुरुद्वारे को निशाना बनाया, जो एक और सरासर झूठ है। पाकिस्तान सांप्रदायिक विवाद पैदा करने के इरादे से स्थिति को सांप्रदायिक रंग देने की पूरी कोशिश कर रहा है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने तंगधार, उरी, पुंछ, मेंढर, राजौरी, अखनूर और उधमपुर में भारी कैलिबर आर्टिलरी गन और सशस्त्र ड्रोन का उपयोग करके नियंत्रण रेखा के पार गोलीबारी भी की।



### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अमित अग्रवाल मुझसे अलग रहता है और मेरे कहने-सुनने में नहीं है। इस कारण मैं अपने पुत्र अमित अग्रवाल को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। मेरे पुत्र अमित अग्रवाल द्वारा किये गये किसी कार्य के लिए मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगी और यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार का लेन-देन मेरे पुत्र अमित अग्रवाल से करता है तो वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

रीता अग्रवाल
पत्नी स्व0 श्री अशोक प्रकाश
हाल निवासी- 642, संजय मार्ग, पटेल नगर, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## राजनैतिक परिवक्वता और मूढ़ता

भारत में इस समय राजनैतिक परिपक्वता दिखाई पड़ रही है और पाकिस्तान में राजनैतिक मूढ़ता। राजनैतिक मूढ़ता भारत में भी कुछ नेताओं में नजर आती रहती है, जो इस भारत-पाक तनाव के समय कुछ कम है, लेकिन ऐसे लोग अपनी मूढ़ता को छुपा कर भी छुपा नहीं पा रहे हैं, इनकी मूढ़ता कभी इनके हाव भाव से, कभी सोशल मीडिया पोस्ट से, कभी इनके बयानों से सामने आ ही जाती है। इस समय जब पूरा देश अपनी सेना और अपनी देश के शीर्ष नेतृत्व और उसकी राजनैतिक परिपक्वता की सराहना कर रहा है, ऐसे में भी कुछ लोग बेसिर पैर की बातें करके अपनी भद्द पिटवा रहे हैं। कुछ नेताओं की भाषा अवश्य बदली हुई है, लेकिन उनकी मानसिकता नहीं बदली। भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया फिर पाकिस्तान ने कुछ करने के लिए अहमकाना कदम उठाए और भारत के रिहायशी इलाकों में हमला करने की नीयत से ड्रोन छोड़े लेकिन भारत की सेना ने उन्हें हवा ही में मार गिराया। जवाब में भारत ने भी कदम उठाए वहाँ इस समय हाहाकार है। पाकिस्तान इस समय पूरी तरह राजनैतिक मूढ़ता का शिकार है। रावलपिंडी में एक विस्फोट हुआ, तो पाकिस्तानी पुलिस ने उसे आसमानी बिजली गिरना कहा है, वहाँ के लोग अपनी पुलिस का मजाक उड़ा रहे हैं। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए लाहौर और सियालकोट में पाक सेना के ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की। इस्लामाबाद में भी ड्रोन से हमले किए। इस दौरान लाहौर में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के पैतृक घर के पास एक ड्रोन गिरा। बताया जाता है कि उस समय शहबाज शरीफ इस्लामाबाद में मौजूद थे। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। भारत की नौसेना ने भी पाकिस्तान पर समुद्री रास्ते से जवाबी कार्रवाई की है। भारत ने किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस आतंकी हमले के खिलाफ गुहार नहीं लगाई, जो पहले सामान्य तौर पर हुआ करता था। यह भारत की विदेश नीति में मूलभूत बदलाव है। दुनिया जानती है कि अमेरिका में जब कोई हमला होता है, तो अमेरिका किसी वैश्विक मंच में नहीं जाता, इजराइल की भी यही नीति है, वो भी किसी मंच में नहीं जाकर बताता है कि हमारे यहां हमला हुआ है, क्या करें? अब भारत ने भी यही रणनीति अपनाई है और यह संदेश दिया है कि हमारे लोग मारे गए हैं, तो हम कार्रवाई करेंगे। ये बात जरूर है कि ये बात अंतरराष्ट्रीय मंच में जाएगी, तो वहां भी भारत के पक्ष में समर्थन दिख रहा है, जब साल 2001 या 2008 में हमला हुआ था, तब अमेरिका एक ताकतवर देश था। वो आज भी ताकतवर है, पर उस समय अमेरिका वर्ल्ड पॉलिसमैन की तरह बर्ताव करता था, लेकिन आज अमेरिका की वैश्विक मुद्दों में इतनी दिलचस्पी नहीं है और भारत पहले की तुलना में बहुत ताकतवर हो चुका है। पड़ोसी देश या अंतरराष्ट्रीय संगठन क्या कहेंगे, अब का भारत समझता है कि उस पर इतना ध्यान देने की जरूरत नहीं है। अगर हमें पता है कि हमारे खिलाफ टेरर अटैक हुआ है और ये पता है कि यह किसने किया है, तो हम कार्रवाई करेंगे। पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने और भारतीय शहरों की सुरक्षा में पिछले 2 दिनों में जिस तरह लड़ाकू विमान राफेल, एयर डिफेंस सिस्टम सुदर्शन चक्र और ड्रोन स्ट्राइक ने कमाल दिखाया है, वह निसंदेह वर्तमान नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियां हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने सैन्य साजो-सामान के मामले में भारतीय सेना की पूरी तस्वीर ही बदल कर रख दी है। पिछले 10 सालों में सेना को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए है। 2014 में सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, आधुनिकीकरण और स्वदेशी हथियारों के विकास पर विशेष ध्यान दिया। इन प्रयासों ने भारतीय सेना की युद्ध क्षमता, तत्परता और वैश्विक मंच पर प्रभाव को बढ़ाया है। यही कारण है कि आज पहलगाम अटैक का बदला लेने के लिए भारतीय सेना कॉन्फिडेंस के साथ ऑपरेशन सिंदूर का अभियान चला रही है। यह भारत की राजनैतिक परिपक्वता है और पाकिस्तान की मूढ़ता यह है कि पाकिस्तान दिशाहीन होकर रह गया है। पाकिस्तान की संसद में भी अजीबो गरीब हालात देखने को मिल रहे हैं। पाकिस्तान की संसद में वहाँ के सांसद शाहिद अहमद ने एक प्रसंग सुनाया, उसमें अपने प्रधानमन्त्री ही को गीदड़ कह दिया। उसने कहा कि लश्कर का लीडर अगर शेर हो और लश्कर में गीदड़ भी हों तो जंग जीत ली जाती है और लश्कर का लीडर अगर गीदड़ हो और लश्कर में शेर हों तो जंग में हार तय है। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से हुई प्रेस ब्रीफिंग में कर्नल सोफिया कुरैशी ने गुरुवार रात भारत के अलग-अलग हिस्सों में हुए हमलों की जानकारी दी है। सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार की रात सैन्य बुनियादी ढाँचे को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से 300 से 400 ड्रोन छोड़े गए। कर्नल सोफिया ने कहा, लेह से लेकर सर क्रीक तक 36 स्थानों पर 300-400 ड्रोन से घुसपैठ का प्रयास किया गया। भारतीय सुरक्षा बलों ने काइनेटिक और नॉन काइनेटिक साधनों का उपयोग कर इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। इतने बड़े पैमाने पर हवाई घुसपैठों का संभावित उद्देश्य हवाई रक्षा प्रणालियों का परीक्षण करना और खुफिया जानकारी इकट्ठा करना था। ड्रोन के मलबे की फॉरेंसिक जाँच की जा रही है। प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि ये ड्रोन तुर्की निर्मित हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सीमा पर भारी गोलाबारी हो रही है। इस गोलाबारी में भारतीय सेना के कुछ जवान हताहत हुए हैं। भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को बड़ा नुकसान हुआ है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 08:30 बजे एक असफल अकारण ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले से भारत की वायु रक्षा प्रतिक्रिया तीव्र होगी, भारतीय वायु सेना ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया, जिससे अंतरराष्ट्रीय नागरिक वाहकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। भारतीय सेना के हर कदम में हिम्मत और सटीकता दिखाई पड़ रही है। भारतीय सेना जानती है कि उसे कब क्या करना है। भारतीय सेना का उत्साहवर्धन करने के लिए भारत का शीर्ष नेतृत्व और उसकी राजनैतिक परिपक्वता भी उसके साथ है। भारत एक ऐसा लश्कर है, जिसका लीडर शेर है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"देश" "वक़्त" "माँ" "जमीन"

हिम्मतों से जो चला उसका बेड़ा पार है,
वक़्त भी उसी का है जो भी होशियार है।
अपनी माँ का देश का और इस जमीन का,
मैं भी कर्जदार हूँ, तू भी कर्जदार है।

# पालिका चेयरपर्सन व अन्नु अग्रवाल ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा विजेताओं को किया पुरस्कृत



**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** गायत्री परिवार द्वारा बच्चों को संस्कार एवं संस्कृति से जोड़ने के लिए आयोजित कराये जाने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व उप्र सरकार में राज्यमंत्री की पत्नी अन्नू अग्रवाल मौजूद रहीं। उनके द्वारा यहां यज्ञ हवन में प्रतिभाग करते हुए देश में अमन और विजयश्री की प्रार्थना की। इसके साथ प्रतियोगिता में विजेता घोषित बच्चों को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनको सम्मानित किया और भारतीय संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना की। गायत्री परिवार द्वारा शुक्रवार को विश्वकर्मा सभा रुड़की रोड पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के पारितोषिक वितरण समारोह एवं गायत्री महायज्ञ व दीपयज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप उपस्थित रही। इस दौरान आयोजकों ने मौजूद अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि भारतीय संस्कृति पर आधारित ऐसे कार्यक्रम में उनका उपस्थित होना वास्तव में अत्यंत गौरवपूर्ण और भावपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर रहा, अपितु इससे भारतीय संस्कृति और मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरणादायी प्रयास भी रहा है। उन्होंने बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए ऐसी प्रतियोगिता आयोजन कराने पर गायत्री परिवार की प्रशंसा भी की। साथ ही उन्होंने इस प्रयास को संस्कार, संस्कृति और साधना की ओर सार्थक कदम बताते हुए संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने ज्ञान के आधार पर विजेता बनने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को संस्कृति ज्ञान प्रतिभा के कारण सम्मानित करने का यह अनुभव सदैव हृदय में स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में अनु अग्रवाल, जगदीश पांचाल, जनार्दन विश्वकर्मा, सभासद रजत धीमान, रुक्मणी भारद्वाज, डॉ. रामनिवास, आर्यन पाराशर, आर्यांश पाराशर व सम्पूर्ण गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद रहे।



## पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से भेंट की

**मीरापुर, 09 मई (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक सुरेशचंद तितोरिया ने लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। पूर्व भाजपा विधायक सुरेशचंद तितोरिया ने बताया कि शुक्रवार की सुबह लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते हुए उनके साथ जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं और कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की,साथ ही पूर्व विधायक ने मीरापुर विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं व जन अपेक्षाओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# महाराणा प्रताप जी के जीवन चरित्र को अपनाने का आह्वान

## – वीर शिरोमणि को पुष्प अर्पित करते हुए किया नमन

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** राजपूत महासभा की ओर से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के 485वें जन्म दिवस पर समाज के प्रबुद्धजनों तथा मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप की गरिमामयी उपस्थिति में हवन यज्ञ का आयोजित किया। रुडकी रोड स्थित बैंकट हॉल में संपन्न हुए कार्यक्रम में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, महान दानवीर भामाशाह एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प माला अर्पित की गयी। हवन यज्ञ के बाद समाज के लोगों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के जीवन चरित्र तथा भारत में उत्पन्न वर्तमान हालातों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के वंशज होने के कारण हम सभी को उनके पौरुष तथा चरित्र का अनुसरण करना चाहिए और राष्ट्र-मातृ शक्ति के साथ समाज की रक्षा के लिये हमेशा तत्पर रहना चाहिये। इस दौरान मुख्य अतिथि गौरव स्वरूप ने वीर शिरोमणि महाराणा



प्रताप जी एवं महादानी वीर भामाशाह जी की जीवन यात्रा, राष्ट्र के हालात पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी ने जिस प्रकार अकबर की सेना से युद्ध किया। 30 वर्षों की कोशिश के बाद भी वे अकबर के हाथ नहीं आये, यह उनका युद्ध कौशल था कि युद्ध में सामने आई अनेक विषम परिस्थितियों में भी वे झुके नहीं। अनेक तकलीफें सहन की और जंगलों में भटकते रहे, घास की रोटी खाना स्वीकार किया और बार-बार खुद को ताकतवर बनाते और अकबर की सेना से भिड़ जाते थे, वे 2 कुन्तल से अधिक हथियारो का वजन लेकर चलते थे 7.5 फिट लम्बे तथा उनका 110 किलो वजन एवं 81 किलो का भाला तथा 104 किलो की दो तलवार आदि वजन उनके शरीर पर रहता था। इस दौरान मुख्य रूप से ठा. राजेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सत्यपाल सिंह, राहुल सिंह, महेन्द्र सिंह, राजपाल सिंह, रामफल पुंडीर, संजीव तोमर, नकली सिंह, सोमवाल सिंह, कुलदीप सिंह, नरेन्द्र सिंह, विजय सिंह, चरण सिंह, पंकज राणा, सूरज पाल सिंह, मोहित पुंडीर आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने अधिवक्ताओं में भरा जोश, भारत माता के गूंजे हर ओर जयकारे

## – ऑपरेशन सिंदूर के बाद जिले की शांति के लिए मांगा सहयोग

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** देश में उत्पन्न स्थिति एवं भविष्य की रणनीति को लेकर शुक्रवार को डीएम उमेश मिश्रा ने जिला बार एसोसिएशन के फैन्थम हॉल में पहुंचकर अधिवक्ताओं को इससे जुड़ी तैयारियों से अवगत कराया। डीएम द्वारा बताई गई रणनीति से मौजूद अधिवक्ताओं में जोश भर गया और सभागार भारत माता के जयकारों से गूंज उठा। मौजूद अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। शुक्रवार दोपहर डीएम उमेश मिश्रा जिला बार एसोसिएशन के फैन्थम हॉल में पहुंचे, जहां जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह ने उनका स्वागत किया। फैन्थम हॉल में मौजूद रहे अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सभी अधिवक्ताओं से शासन द्वारा बनाई जा रही आपात टीम में भी शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे में जरूरत पड़ने पर आपातकालीन स्थिति में टीम से जुड़े अधिवक्ता मौके पर पहुंचकर राहत




कार्य में भी सहयोग करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी स्थान या संदिग्ध परिस्थिति दिखाई दें, तो इसकी सूचना प्रशासन को दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने अधिवक्ताओं से अनुरोध किया कि वह भी आपात स्थिति में प्रशासन का मार्गदर्शन करें। इस दौरान मौजूद अधिवक्ताओं ने करतल ध्वनि से तालियां बजा कर डीएम का आभार जताते हुए भारत माता के जयकारे लगाए। सभा में मौजूद अधिवक्ताओं ने कहा कि सभी अधिवक्ता सरकार के साथ में खड़े हैं और जरूरत पड़ने पर भारत सरकार जहां चाहे उनका सहयोग ले सकती है। इस दौरान जिला बार संघ के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह ने डीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को जिला प्रशासन का हिस्सा माना है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता नकारात्मकता को छोड़कर अब सकारात्मकता से जुड़ें। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, अनिल जिन्दल, पूर्व महासचिव सुरेन्द्र मलिक, जितेन्द्र कुमार, आमोद त्यागी, उदयवीर पोरिया, प्रवीण जावला, रणवीर सिंह व समस्त बार संघ कार्यकारिणी व अन्य अधिवक्ता भी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सह सचिव सचिन त्यागी ने किया।



## देश के युद्ध के दौरान हर किसी भारतीय को करना चाहिए सहयोग : शलभ गुप्ता

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बुस.)।** व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल रजि. मुजफ्फरनगर द्वारा देशहित में खतरे के समय बजने वाला सायरन भेंट किया गया। जनार्दन विश्वकर्मा जिला महामंत्री ओर विजय बाटा नगर महामंत्री मे संयुक्त रूप से जानकारी दी कि आज हिन्दुस्तान के वीर सैनिक अपने शौर्य ओर बहादुरी से पाकिस्तान के छक्के छुड़ा रहे हैं। ऐसे में हर भारतीय को देश की सरकार ओर सेना के लिए बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए। इसी मुहिम में शलभ गुप्ता के सहयोग से आपातकालीन स्थिति में बजने वाला सायरन देशहित में सहयोग हेतु पुलिस को बिंदल बाजार द्वारा भेंट किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से शलभ गुप्ता जिलाध्यक्ष, जनार्दन विश्वकर्मा महामंत्री, राजेश भाटिया जिला सह महामंत्री, विजय बाटा नगर महामंत्री, अंकुर जैन न्यू मंडी इकाई अध्यक्ष मौजूद रहे।

## एडीएम ने व्यवस्था बनाने को ईओ को दिए जरुरी निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ शुरू हुए तनाव के बीच नागरिकों के लिए जरुरी सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ऐसी स्थिति में अन्य व्यवस्थाओं को कायम रखे जाने के लिए जिला प्रशासन हर स्तर पर समीक्षा करते हुए तैयारियों को परख रहा है। साथ ही युद्ध की संभावना के बीच लोगों को इससे जुड़ने के प्रति जागरुक करने में जुटा है। शुक्रवार को ऐसे हालातों के चलते हुए एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने कार्यालय पर आगामी दिनों में व्यवस्थाओं को लेकर नगरीय निकायों के सभी अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की। एडीएम प्रशासन ने बैठक में एमरजेंसी की स्थिति में नगरीय क्षेत्र में पेयजलापूर्ति, पथ प्रकाश, इमरजेंसी सायरन व अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि किसी भी आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए भरपूर तैयारी रखें। उन्होंने गर्मी को देखते हुए पेयजल की आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के साथ इमरजेंसी व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिए। बैठक में ईओ प्रज्ञा सिंह समेत अन्य निकायों से ईओ भी मौजूद रहे।





# वर्तमान परिस्थितियों में डीएम ने पूर्व सैनिकों से मांगा सहयोग

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते भारी तनाव को देखते हुए वर्तमान परिस्थितियों में प्रशासन व्यवस्था बनाने के साथ संकट से निपटने के लिए विशेष प्रयासों में जुटा है।

शुक्रवार को सवेरे से डीएम उमेश मिश्रा इन्हीं तैयारियों के बीच अधीनस्थ अफसरों के साथ सक्रिय दिखाई दिए। उन्होंने पहले अपने कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों से फरियाद लेकर पहुंची जनता की समस्याओं को सुना और बाद में उन्होंने जिला पंचायत सभागार में पूर्व सैनिकों से मुलाकात करते हुए देश की वर्तमान परिस्थितियों की चर्चा करते हुए उनके व्यवस्था बनाने में सहयोग मांगा।

इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा ने पूर्व सैनिकों को भारत-पाक में बढ़ते तनाव एवं हमलों के बीच वर्तमान परिस्थिति की जानकारी देने के साथ ही जंग जैसे हालातों में जनपद में नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए उनके अनुभव के आधार पर सुझाव मांगे और इस स्थिति में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने के लिए भी उनको प्रेरित किया।

बैठक में मौजूद पूर्व सैनिकों ने पूरी तरह से प्रशासन और सरकार तथा सेना के साथ खड़े होने का ऐलान करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी डीएम को दिये। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार के साथ सैकड़ों पूर्व सैनिक इस दौरान उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर, भ्रम न फैलाने की अपील

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** भारत-पाकिस्तान के बीच कई दिनों से जारी छद्म युद्ध के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल होती वीडियो व पोस्ट को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है, ऐसी स्थिति में सत्यापित नहीं होने वाली वीडियो और पोस्ट से समाज में जाने वाले गलत संदेश को रोकने के लिए मुजफ्फरनगर पुलिस ने सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग शुरू कर दी है।

शुक्रवार को जनपद पुलिस की सोशल मीडिया सेल में एक निर्देश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत सोशल मीडिया प्लेटफार्म की इस बीच सतत निगरानी की जा रही है। ऐसे में पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कोई भी भ्रामक या असत्यापित संदेश न भेजा जाये। इसके साथ सभी ग्रुप एडमिन को भी निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी सदस्य द्वारा भ्रामक-असत्यापित संदेश ग्रुप में भेजा जाता है तो उसे तत्काल डिलीट कराया जाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में ऐसा न करने या भ्रामक संदेश पोस्ट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही कार्यवाही की जायेगी।

## महिला के साथ बलात्कार करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**जानसठ, 09 मई (बु.)।** कस्बा चौकी क्षेत्र के मौहल्ला निवासी एक महिला ने अपने साथ कस्बे के एक प्राइवेट चिकित्सक पर बलात्कार करने का आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बलात्कार की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश मे जुट गई है। शुकवार को कस्बा चौकी क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी महिला ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि खतौली निवासी शहादत कस्बे में पुरानी टंकी के पास डॉक्टर की दुकान करता है। महिला का पिछले तीन-चार महीने से उसके पास इलाज चल रहा था। महिला ने आरोप लगाया कि प्राइवेट डॉक्टर ने इलाज के दौरान उसे नशीली दवाई देकर उसके साथ कई बार बलात्कार किया और उसने उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। महिला ने आरोप लगाया कि डॉक्टर शहादत उसे उसकी अश्लील वीडियो दिखाकर तथा उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ कई बार बलात्कार कर चुका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बलात्कार की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपित शहादत की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि शहादत के खिलाफ तहरीर आई है। उसके खिलाफ बलात्कार की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित शहादत की तलाश की जा रही है जल्द ही तलाश कर उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाई की जाएगी।

## वीर सैनिकों के सम्मान में उल्लास दिवस मनाया

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बुस.)।** ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता में देश के गौरव वीर बहादुर भारतीय सैनिकों के अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम ने पाकिस्तानी आतंकवादी एवं आक्रान्ताओं पर अभूतपूर्व विजय प्राप्त की एवं उनके ठिकानों को नेस्तोनाबूत किया। इसी के समर्थन एवं अभिनन्दन में वीरों के अदम्य साहस एवं वीरता को नमन करते हुए भारत विकास परिषद 'संकल्प' परिवार ने वीर सैनिकों के सम्मान में "उल्लास दिवस" मनाते हुए संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास धाम में पूजा अर्चना कर राष्ट्र-प्रेम के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भारत माता का अभिनंदन किया। इस मौके पर भारतीय सेना के सम्मान में आकर्षक आतिशबाजी भी की गई एवं मिष्ठान एवं शीतल जल वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शशिकांत मित्तल-निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष, भारत विकास परिषद ने की। अतिन संगल, अचीन कंसल एवं मनीष गर्ग- प्रांतीय दायित्वधारियों का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। ठाकुर दिवाकर सोलंकी एवं कोमल सोलंकी, गोपाल गर्ग एवं दीपांशी गर्ग के संयोजन में जगदीश पालीवाल, सुभाष चंद गुप्ता, शिशुकांत गर्ग, विष्णु स्वरुप अग्रवाल, अश्वनी कुमार वर्मा, डॉ. अजय गर्ग, अवनीश गोयल, नीरज अग्रवाल, अरुण राजवंशी, मनोज माहेश्वरी, राजेश गर्ग, अभिषेक जैन, कमल गुप्ता, प्रेम प्रकाश अरोरा, सतीश अरोरा, महेंद्र नाथ, प्रमोद संगल, जुगल किशोर, प्रीति गोयल, ब्रजबाला गुप्ता, रागिनी गर्ग, आरती शर्मा, रश्मि कौशिक, चित्रा गुप्ता, मास्टर कुंज प्रताप, माधव एवं बेबी दीपिया आदि का विशेष सहयोग रहा।



## मारपीट में दो घायल

**मीरापुर, 09 मई (बु.)।** क्षेत्र के गांव तुल्हेड़ी में खेत में पेड़ गिरने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गयी, जिसमें दो युवक घायल हो गए। क्षेत्र के गांव तुल्हेड़ी निवासी सतीश व तेजवीर के खेत बराबर बराबर में है। कई दिन पूर्व आयी आंधी में तेजवीर के खेत में खड़ा एक यूकेलिप्टस का पेड़ टूटकर सतीश के खेत में गिर गया था। शुक्रवार को तेजवीर व उसके पुत्र पेड़ उठा रहे थे, इसी को लेकर सतीश के पुत्र अभिषेक की तेजवीर व उसके पुत्रों से बहस हो गयी, जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से अभिषेक व दूसरे पक्ष से रोहित घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया।

Young Indian Revolution

WE'RE HIRING

(The Best Business Partner)

JOB REQUIREMENTS

- 12th Passed (CBSE/UP BOARD)
- ग्रेजुएशन (Freshers /College Students can apply)
- बाइक/स्कूटी वालों को वरीयता
- Age group to apply (18-50 yrs.)
- महिलाओं के लिए आकर्षक वेतन
- Only 4 to 5 hours working in a day
- Get Rs.10,000 to 60,000/- per month

Special offer for Students

मेगा HIRING कुल पद 50

Become The Part Of Young Indian Family

Area Of Work - मुजफ्फरनगर, जानसठ, बुढ़ाना, खतौली, देवबन्द, शामली, मेरठ, बागपत, रूड़की, हरिद्वार

आवेदन स्थानः- मुजफ्फरनगर

Send Resume- 6395842793 (केवल Whatsapp हेतु)

Email- sajal@youngindianrevolution.com

आवेदन- 10/5/2025 तक मान्य

# अच्छा वक्ता बनने के लिए सबसे पहले एक अच्छा श्रोता बनना बहुत जरूरी है

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बुस.)।** शुक्रवार को होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जड़ौदा, मुजफ्फरनगर के सभागार में विद्यार्थियों के लिए आत्मविश्वास निर्माण एवं कौशल वृद्धि विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिन दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ कोच एवं ट्रेनर पब्लिक स्पीकिंग मुख्य वक्ता ऑथर शैरी, कुलविन्द्र कौर, प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, चेयरमैन रीटा दहिया, धीरज बालियान एवं रजनी शर्मा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मंच कुशलता के विकास में वृद्धि करना एवं अपनी योग्यता को बढ़ाना है। आत्मविश्वास का निर्माण करने में आत्मकरूणा का अभ्यास करना, छोटे-छोटे लक्ष्यों को भी निर्धारित करना और उन्हें प्राप्त करने में सफलता पाना तथा नकारात्मक आत्मचर्चा को चुनौती देना शामिल है। सर्वप्रथम बच्चों को अच्छा वक्ता बनने के गुर बताये गये, जिसमें बताया गया कि अच्छा वक्ता बनने के लिए सबसे पहले एक अच्छा श्रोता बनना बहुत जरूरी है। ऑथर शैरी के द्वारा बच्चों को मंच पर बोलते समय घबराहट और बैचेनी को दूर करने के लिए मुख्य बिन्दु बताये गये, जो निम्न प्रकार हैं- जैसे - अपने डर को पहचानना, अपने डर को कोई नाम देना और उसको पहचानकर समाप्त करना, मंच पर बोलते समय श्रोताओं को ध्यान में रखे, अपने श्रोताओं की रूचियों और जरूरतों को समझे और भाषण उनके अनुसार तैयार करें, शारीरिक भाषा का उपयोग करें, जैसे अपने हाथों, चेहरे और आँखों का उपयोग करके अपने भाषण को अधिक प्रभावी बनायें। सार्वजनिक मंच पर बोलने के कौशल में सुधार करने से आप अपने विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त कर सकते हैं और अपने श्रोताओं को प्रभावित कर सकते है एवं मंच पर जाने से पहले अपने मुख्य बिन्दुओं को लिखकर रखे, जिससे विषय से भटकने बच सके। हमेशा मंच पर जाते समय अपने चेहरे पर मुस्कान रखे। बीच-बीच में पब्लिक से सवाल पूछते रहे जिससे पब्लिक की रूचि भाषण में बनी रहे। अंत में ऑथर शैरी ने आत्मविश्वास में वृद्धि करने की शपथ के साथ आज के कार्यक्रम का समापन किया।



## पति ने पत्नी को मारपीट करके किया घायल

**बुढ़ाना, 9 मई (बु.)।** एक कलयुगी पति ने अपनी पत्नि को मारपीट करके घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शबिना पुत्री शकील निवासी मौहल्ला मंडी कस्बा बुढ़ाना का निकाह लगभग 05 वर्ष पूर्व फरमान पुत्र साद अली निवासी गांव कवाल जानसठ के साथ हुआ था। निकाह के बाद से ही उसका पति फरमान अतिरिक्त दहेज की मांग के चलते उसे मारता पीटता रहता था। बीती 01 मई को पति फरमान ने उसको मारपीट करके घायल कर दिया था, जिसकी सूचना पड़ोसियों ने उसके मायके वालों को दी थी, जिसके बाद उसके मायके वाले उसको बेहोशी की हालत में अपने घर लेकर आ गए थे तथा उसका उपचार कराया था। उसने इसकी शिकायत एसएसपी से की थी। जिसकी जांच महिला थाना मुजफ्फरनगर कर रही है। आज शुक्रवार को फरमान अपने पिता साद को साथ लेकर उसके पिता के घर में घुस आया और उसे पकड़कर नीचे घसीटता और मारता पीटता हुआ आंगन में ले आया। पति फरमान ने उसे पड़ोसियों के सामने मार-पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। बाद में मौहल्ले वालों ने उसे हमलावर के चंगुल से छुड़ाया, तो जाते- जाते वह उसे हत्या करने की धमकी देकर गया है। आज पीड़िता ने आरोपी पति के खिलाफ बुढ़ाना पुलिस से कानूनी कार्यवाही की मांग की है।



# ऑपरेशन सिंदूर : नगर में हाई अलर्ट के बीच रेलवे स्टेशन पर चैकिंग अभियान

- यात्रियों के बैगों की पड़ताल, ट्रेन के डिब्बों को भी खंगाला
- डॉग स्क्वायड के साथ संदिग्ध लोगों की देखी आईडी





**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए टेरर अटैक के बाद भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए किए ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने लगातार एलओसी और भारतीय शहरों को निशाना बनाने के लिए किए जा रहे हमलों के बीच मुजफ्फरनगर में भी पूरी तरह हाई अलर्ट जारी है। शुक्रवार को इन्हीं व्यवस्थाओं के बीच जिले का पुलिस और प्रशासनिक अमला सुबह से सड़कों पर उतरा दिखाई दिया। इस बीच हाइवे से संपर्क मार्गों तक सघन चैकिंग अभियान के बीच रेलवे स्टेशन पर पहली बार चैकिंग अभियान चलाया गया, जहां घंटों तक रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के डिब्बों में डाग स्क्वायड के साथ बैग, सामान एवं संदिग्ध लोगों की आईडी देखने का सिलसिला जारी रहा। भारत व पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ते तनाव और बीती रात्रि के हमलों को देखते हुए मुजफ्फरनगर जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर दिखाई दे रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को इस बीच परखने के साथ जिले में अनहोनी की आशंकाओं के बीच शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के साथ हाइवे एवं संपर्क मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शुक्रवार को इन्हीं तमाम तैयारियों के बीच नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप और सीओ सिटी राजू कुमार साव के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पर पुलिस बल के साथ डॉग स्क्वायड, खुफिया, जीआरपी एवं आरपीएफ की टीमों ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। सुरक्षा टीमों ने इस दौरान स्टेशन पर ट्रेनों से यहां आने-जाने वाले यात्रियों के सामान की जांच की। इसके साथ टीम ने सूटकेस, बैग और अन्य संदिग्ध वस्तुओं की भी गहन तलाशी लेते हुए गंतव्य की ओर जा रहे यात्रियों की पहचान को सत्यापित करने के लिए आईडी देखी। इस दौरान बिना पहचान या आइडी वाले लोगों से पूछताछ करने के साथ उनके सामान को बारीकी से चैक किया। इस बीच सुरक्षा एजेंसियों ने स्टेशन के सभी क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी। इसमें प्लेटफॉर्म, वेटिंग एरिया, पार्सल ऑफिस व पार्किंग स्थल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार यह चैकिंग अभियान एहतियातन रेलवे स्टेशन पर चलाया गया, ताकि किसी तरह के आतंकी या असामाजिक गतिविधि को रोका जा सके। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अफसरों द्वारा आम जनता से अपील की गई कि वे यात्रा के दौरान अथवा गंतव्य पर जाते हुए किसी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति के दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस बीच रेलवे स्टेशन पर मजिस्ट्रेट चैकिंग के चलते घंटों तक बिना टिकट यात्रा करने वालों पर भी विशेष नजर रखी गई।

## बीएसएफ ने सांबा में सात आतंकवादियों को मारा

**श्रीनगर, 09 मई (वार्ता)** भारत और पाकिस्तान के बीच भारी गोलाबारी तथा बढ़े तनाव के बीच सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने जम्मू के सांबा सेक्टर में गुरुवार देर रात घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते सात आतंकवादियों को मार गिराया। बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि सांबा सेक्टर में कल देर रात एक निगरानी ग्रिड ने आतंकवादियों के एक बड़े समूह के घुसपैठ की कोशिश का पता लगाया। सूत्रों ने कहा,"घुसपैठ की इस कोशिश को धंधर पोस्ट पर पाकिस्तानी रेंजर्स की ओर से गोलीबारी करवाकर आतंकवादियों ने घुसपैठ की कोशिश की।" सूत्रों ने बताया कि सतर्क बीएसएफ जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सात आतंकवादियों को मार गिराया और ढांढर स्थित पाकिस्तानी चौकी को भारी नुकसान पहुंचाया। इससे पहले, बीएसएफ जम्मू ने कल एक पोस्ट में कहा कि सैनिकों ने रात 11 बजे सांबा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर आतंकवादियों की घुसपैठ देखी और उन्हें चुनौती दी। उन्होंने बताया कि घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया।

## एयरलाइन कंपनियों ने यात्रियों से तीन घंटे पहले पहुंचने का किया आग्रह

**मुंबई, 09 मई (वार्ता)** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते एयरलाइन कंपनियों ने यात्रियों से उड़ान से तीन घंटे पहले पहुंचने का आग्रह किया। एयर इंडिया सहित सभी एयरलाइंस ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे समय बचाने के लिए ऑनलाइन चेक-इन करें और उड़ान से तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचें। एयर इंडिया ने बताया कि चेक-इन उड़ान से 75 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। अकासा एयर ने भी यात्रियों से अपील की है कि वे बढ़ी हुई सुरक्षा के चलते उड़ान से तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचें और वैध फोटो पहचान पत्र साथ लाएं, ताकि चेक-इन और बोर्डिंग में कोई दिक्कत न हो। इंडिगो ने यात्रियों को सूचित किया है कि चेक-इन बैग के अलावा केवल सात किलोग्राम तक का एक हैंड बैग ही ले जाने की अनुमति होगी। सभी यात्रियों को बोर्डिंग से पहले अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। बढ़ी हुई सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। स्पाइसजेट ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे सुरक्षा जांच और अन्य औपचारिकताओं को ध्यान में रखते हुए उड़ान से कम से कम तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचें। ये निर्देश बीसी एएस के सुरक्षा आदेश के तहत दिए गए हैं।

## अंबाला में रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक ब्लैकआउट के आदेश जारी

**अंबाला, 09 मई (वार्ता)** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर हरियाणा के अंबाला में प्रशासन ने शुक्रवार को रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक ब्लैकआउट के आदेश जारी किए। अंबाला जिला मजिस्ट्रेट के भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के जारी आदेश के अनुसार रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक पूरी तरह ब्लैकआउट रहेगा। इस दौरान घरों से बाहर रोशनी के लिए, दुकानों/संस्थानों के बोर्ड, स्ट्रीट लाइट के लिए इनवर्टर और जनरेटर या किसी तरह के पावर बैकअप का इस्तेमाल भी नहीं किया जा सकेगा। घरों में इनवर्टर, जनरेटर या पावर बैकअप का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन शर्त यह होगी कि घर के सारे दरवाजे/खिड़कियां मोटे परदों से पूरी तरह ढंके हुए हों ताकि रोशनी बाहर न जा सके।

## पश्चिमी सीमा क्षेत्र में बीती रात पाकिस्तान के हमलों, उल्लंघनों को विफल किया गया-भारतीय सेना

**नयी दिल्ली 09 मई (वार्ता)** भारतीय सेना ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के सशस्त्र बलों ने 08 और 09 मई की मध्य रात्रि पूरे पश्चिमी सीमा क्षेत्र पर ड्रोन और अन्य हथियारों का उपयोग करके कई हमले किए और नियंत्रण रेखा पर कई जगह संघर्ष विराम के उल्लंघन किया जिनका मुंहतोड़ जवाब देते हुए उन्हें विफल कर दिया गया। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा "पाक सैनिकों ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम उल्लंघन भी किया।" सेना ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन हमलों को प्रभावी ढंग से विफल किया गया तथा संघर्ष विराम के उल्लंघनों का भी मुंहतोड़ जवाब दिया गया। बयान में कहा गया है, "भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नापाक इरादों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा।"

## चैकिंग के दौरान दबोचे 3 वांछित, चालान किया

**मुजफ्फरनगर, 9 मई (बु.)।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित चल रहे दो भाई राकेश बंसल व सुमित बंसल निवासीगण पटेलनगर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उनका चालान कर दिया। वहीं थाना सिविल लाइन पुलिस ने चैकिंग के दौरान चाकू के साथ फुरकान निवासी महमूदनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया है।

## मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा शामली रोड पर चलाया गया अभियान, मचा हड़कम्प

### दो स्थानों पर 24 बीघा भूमि पर अवैध निर्माण किए ध्वस्त



**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र जोन-4 थाना कोतवाली क्षेत्र में कविता मीना, उपाध्यक्ष एमडीए के आदेशों के चलते शुक्रवार को अवैध भू-स्वामी एवं प्लॉटिंगकर्ता नरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार, शिवकुमार पुत्रगण जयचन्द व नरेन्द्र कुमार पुत्र टीकाराम द्वारा स्थल-खसरा नं.-524 बुढ़ाना रोड, इंडाना फैक्ट्री के सामने, मुजफ्फरनगर में करीब 20 बीघा व राजेश सैनी, अशोक सैनी पुत्रगण प्रकाश सैनी ने खसरा नं.-373 चरथावल रोड निकट शनि मन्दिर रोड पर करीब 4 बीघा भूमि में अनाधिकृत रूप से प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त किया गया। उक्त अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे, जिसमें चालानी कार्यवाही के बाद पूर्व में ध्वस्तीकरण के आदेश निर्गत किये गये थे, परन्तु अवैध प्लॉटिंग के भू-स्वामियों द्वारा स्थल से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था। एमडीए अधिकारियों के अनुसार जारी नोटिस के तहत सुधार न कर पाने पर एमडीए की टीम ने शुक्रवार को विकास क्षेत्र जोन-4 थाना कोतवाली क्षेत्र में उक्त दो स्थल पर करीब 24 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि अवैध कालोनी के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान एमडीए के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं प्राधिकरण टीम के साथ स्थानीय थाने का पुलिस बल मौजूद रहा।

## भारत-पाक तनाव के बीच दिल्ली एयरपोर्ट पर 138 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द


**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर 138 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, विभिन्न एयरलाइंस ने शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 138 उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर देश के विभिन्न भागों में लगभग 27 हवाई अड्डे बंद हैं। सूत्रों ने कहा है कि शुक्रवार को सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच दिल्ली एयरपोर्ट जाने वाली कुल 66 घरेलू और 63 आने वाली उड़ानों के साथ ही पांच अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान और 4 आगमन उड़ानें रद्द कर दी गईं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक एक्स पोस्ट में लिखा है कि दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन सामान्य बना हुआ है। हालांकि, हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों और सुरक्षा उपायों के कारण कुछ उड़ानों के समय पर असर पड़ सकता है। डीआईएएल ने यात्रियों को सुरक्षा चौकियों पर अतिरिक्त समय के लिए तैयार रहने और सुचारू प्रक्रिया के लिए एयरलाइन और सुरक्षा कर्मचारियों के साथ सहयोग करने की भी सलाह दी।

## देश में अन्न के भंडार भरे, फल-सब्जियां भी पर्याप्त: शिवराज



**नयी दिल्ली 09 मई (वार्ता)** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि देश में चावल-गेहूं के भंडार भरे हैं, दालों का भी बफर स्टाक है और किसी चीज की कोई कमी नहीं है। श्री चौहान ने आज यहां खाद्यान्न भंडारण की एक समीक्षा बैठक के बाद संवादाताओं से कहा कि जनता को खाद्यान्न की कोई कमी नहीं आएगी। सरकार ने खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित की है। यह बैठक पहलगाम में आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई के मद्देनजर बुलाई गयी थी। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों से फसल बुआई, खाद्यान्न, फल-सब्जी उत्पादन तथा उपलब्धता की जानकारी लेने के साथ मौजूदा परिस्थितियों में किसानों को कहीं-कोई दिक्कत नहीं आने देने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा,'' खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। गेहूं, चावल और अन्य अनाज हमारे पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बंपर उत्पादन हुआ है, किसानों से खरीद भी जारी है। हमारे पास अन्न के भंडार इस समय भरे हुए हैं।'' श्री चौहान ने बताया कि वर्ष 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख टन था, जो 2024-25 में बढ़कर 3474.42 लाख टन तक पहुंच गया है। चावल की भी कोई कमी नहीं है। पिछले साल के 1378.25 लाख टन के मुकाबले इस साल 1464.02 लाख टन उत्पादन हुआ है। पिछले साल गेहूं 1132.92 लाख टन था, जो इस बार 1154.30 लाख टन उत्पादन अनुमानित है, जिसमें और बढ़ोत्तरी की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि दालों का उत्पादन भी भरपूर हुआ है, जो 242.46 लाख टन से बढ़कर 250.97 लाख टन हो गया। वहीं कुल तिलहन 396.69 लाख टन से 428.98 लाख टन उत्पादन हो गया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा,'' फल-सब्जियों का उत्पादन पर्याप्त है। बागवानी फसलों का उत्पादन भी पिछले साल के 3547 लाख टन की तुलना में 3621 लाख टन हो गया है। आलू पिछले वर्ष 570.53 लाख टन था, जो इस बार 595.70 लाख टन है। प्याज 242.67 लाख टन था, जो इस साल 288.77 लाख टन है। इसी तरह, टमाटर 213. 23 लाख टन से बढ़कर 215.49 लाख टन है। वर्ष 2024-25 में अभी तक 539.88 लाख टन धान खरीदा जा चुका है। इसी तरह 267.02 लाख टन गेहूं किसानों से खरीदा जा चुका है और यह सिलसिला जारी है। चावल-गेहूं के भंडार भरे हैं, दालों का बफर स्टाक हमारे पास है, किसी चीज की कोई कमी नहीं है। अगली फसल के लिए भी किसान तैयार है।'' उन्होंने कहा,'' ऐसी परिस्थितियों में कई बार गांव खाली कराए जाते हैं तो ऐसे में हम यह आंकलन भी कर रहे हैं कि वहां अभी कौन-सी फसल बोई जाती है, जिसके लिए बीज और अन्य सामग्री भी हम तैयार रखेंगे।'' उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर और पंजाब जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी चर्चा की जाएगी।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक



**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की हालिया कोशिशों को नाकाम करने के एक दिन बाद की गई। बताया जा रहा है कि बैठक में उभरती सुरक्षा स्थिति के हर पहलू पर चर्चा की गई। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी शामिल हुए। भारत ने कल रात जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर मिसाइलों और ड्रोन से सैन्य ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम कर दिया था। पाकिस्तानी प्रयासों को विफल करने के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया और दुश्मन के प्रयासों को विफल कर दिया। भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की ताजा कोशिशें इसी तरह की कोशिश के 24 घंटे से भी कम समय बाद सामने आई हैं। इससे पहले गुरुवार दोपहर को रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग करके देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में 15 शहरों में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया। इसने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने बुधवार रात अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने की कोशिश की।

# 50 ड्रोन, 8 मिसाइलें, 4 फाइटर जेट सब ढेर...

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में गुरुवार रात जो हिमाकत की उसका उसे मुंहतोड़ जवाब मिला। 50 ड्रोन से लेकर मिसाइलों और फाइटर जेट तक सबकुछ तहस-नहस कर दिए गए। दुश्मन इस तरह तिलमिलाया हुआ है कुछ और हिमाकत जरूर करेगा, लेकिन ये भी सच है कि भारतीय सेना के पराक्रम के आगे टिक नहीं पाएगा। हालांकि दुश्मन से संभावित खतरे को देखते हुए देशभर के कई राज्य हाई अलर्ट पर हैं। यूपी से लेकर राजस्थान और बिहार तक हर जगह पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। चंडीगढ़ पाकिस्तान बॉर्डर से सटे होने की वजह से पंजाब बहुत ही संवेदनशील राज्य है। चंडीगढ़ में दुश्मन के हमले की आशंका को देखते हुए सभी लोगों से एहतियातन घरों में रहने की अपील की गई है। शहर में हर तरफ इमरजेंसी सायरन की आवाजें गूंज रही हैं।

### पुलिस अलर्ट, मुंबई में समुद्र किनारे से हटाए जा रहे लोग

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए मुंबई पुलिस ने समुद्री किनारों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। समुद्र किनारे घूमने आए लोगों को तुरंत हटाया जा रहा है। सुरक्षा का हवाला देते हुए दादर चौपाटी इलाके में समुद्र किनारे बैठे लोगों को पुलिस हटाती नजर आई।

### जम्मू-कश्मीर में डरे-सहमे लोग, स्कूल बंद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में गरुवार रात पाकिस्तान के हमले के बाद पूरा केंद्र शासित प्रदेश अलर्ट मोड पर है। लोगों में डर का माहौल है। गुरुवार रात हुई गोलीबारी में एक स्थानीय की दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। उसने कहा कि यह एक तरह से नागरिकों की लक्षित हत्या जैसा है। यहां पर कुछ स्कूल-कॉलेज 10 मई तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए उधमपुर में आज स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थान बंद हैं तो वहीं लेह में सभी स्कूल शुक्रवार और शनिवार को बंद रहेंगे।

### उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर पेट्रोलिंग

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच उत्तर प्रदेश में सीमा पर तनाव और गोलाबारी की वजह से रेड अलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। रात भर पुलिस गश्ती दल शहर में फेरे लगाती रही। वाराणसी कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से मुस्तैद हैं और काशी विश्वनाथ मंदिर, गोदौलिया, कैंट रेलवे स्टेशन, रोडवेज, सिटी स्टेशन, और गोलगड्डा सहित पूरे क्षेत्र में पेट्रोलिंग की जा रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद राज्य में हाई अलर्ट घोषित किया गया था। कई जिलों में मॉक ड्रिल भी हुई थी। लखनऊ में मॉक ड्रिल का जायजा लेने खुद योगी पहुंचे थे।

### पंजाब में पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द, पटाखों पर बैन



**नई दिल्ली।** पंजाब सरकार ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर बढ़ते तनाव को देखते हुए गुरुवार को अगले तीन दिनों के लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया है। वहीं पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक ने एक आदेश में कहा कि प्रशासनिक कारणों को देखते हुए पंजाब पुलिस के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियां 7 मई से रद्द कर दी गई हैं। एहतियात के तौर पर तरनतारन और फाजिल्का में जिला अधिकारियों ने शादियों और अन्य कार्यक्रमों के दौरान पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। पंजाब सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया है। बता दें कि दुश्मन के हमले के लिहाज से पंजाब बहुत ही संवेदनशील है।

### राजस्थान में हुई रेल सेवाएं प्रभावित, स्कूल, एयरपोर्ट बंद

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच ब्लैकआउट' की वजह से राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में कई रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि ब्लैकआउट' और आपातकालीन परिस्थितियों की वजह से रेल यातायात प्रभावित हुआ है। कई रेलगाड़ियां रद्द की गई हैं तो कई अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे में भगत की कोठी-बाड़मेर, बाड़मेर-भगत की कोठी, मुनाबाव बाड़मेर व बाड़मेर-मुनाबाव रेल सेवा नौ मई को रद्द रहेगी, वहीं जोधपुर-दादर एक्सप्रेस रेल सेवा जोधपुर से अपने निर्धारित समय से तीन घंटे की देरी से चल रही है। बता दें कि पाकिस्तान संग तनाव की वजह से राजस्थान के सीमावर्ती जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर व गंगानगर जिले अलर्ट' पर हैं। वहीं श्रीगंगानगर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में सरकारी और प्राइवेट स्कूल बंद कर दिए गए हैं। अजमेर के किशनगढ़, बीकानेर और जोधपुर हवाईअड्डों पर फ्लाइट ऑपरेशन 10 मई तक निलंबित कर दिए गए हैं।

## राजस्थान के जैसलमेर में बम जैसी संदिग्ध वस्तु मिलने से मचा हड़कंप



**जैसलमेर, 09 मई (एजेंसी)।** राजस्थान के जैसलमेर जिले के किशनघाट जोगियो का वास इलाके में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब स्थानीय लोगों ने बम जैसी कोई वस्तु देखी। यह वस्तु आधी जमीन में दबी हुई थी, जिसे देखकर आसपास के लोग घबरा गए। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्ध वस्तु को अपने कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक जांच में यह वस्तु मोर्टार जैसी प्रतीत हो रही है, जिसके बाद सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने इलाके को पूरी तरह सील कर दिया। वस्तु के 100 मीटर के दायरे में किसी भी व्यक्ति को आने-जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पुलिस ने आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह वस्तु संभवतः पुरानी हो सकती है, क्योंकि जैसलमेर सीमावर्ती क्षेत्र है और यहां सैन्य गतिविधियां समय-समय पर होती रहती हैं।

## पालिका ने लगाया पब्लिक एड्रेस सिस्टम, गूंजे देशभक्ति तराने

### जंग के तनाव के बीच शहर में पालिका ने बनाया देशभक्ति का माहौल



देश में आपात स्थिति के चलते सूचनाओं के लिए यह व्यवस्था की है। कहना गलत न होगा कि शहर में कोई भी मजबूत सिस्टम

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** देश की सीमाओं पर तनाव और हमलों की आशंकाओं के बीच शुक्रवार को जहां पुलिस प्रशासन आपात स्थिति में बचाव व राहत की तैयारियों को लेकर सक्रिय नजर आया। ऐसे में नगरपालिका प्रशासन ने सूचनाओं के आदान- प्रदान के लिए नगर क्षेत्र में न केवल पब्लिक एड्रेस सिस्टम को स्थापित किया, अपितु इसे शुरू करते हुए फिल्मी गीतों के सहारे लोगों में देशभक्ति की भावना को प्रेरित करने के लिए सार्थक पहल की। इस बीच में पाकिस्तान के साथ युद्ध पर आधारित फिल्म बॉर्डर और गदर के गीतों के साथ ही अनेक देशभक्ति गीत लगातार बजते दिखाई दिए।

एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने जहां शुक्रवार को नगरीय निकायों के ईओ संग बैठक करते हुए उन्हें आपात स्थिति को देखते हुए पेयजल आपूर्ति के साथ ही नगर क्षेत्र में बिजली, सफाई और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए। वहीं नगर क्षेत्र में 15 अगस्त और 26 जनवरी की तरह नहीं होने के कारण जिला प्रशासन बीते दिवस मॉक ड्रिल के दौरान सायरन न बजने की हुई शिकायतों के बीच फजीहत से बचने की खातिर शुक्रवार को पालिका प्रशासन ने कांवड़ यात्रा की भांति अस्थाई पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित कराया गया है। इस पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से नगर की जनता में देशभक्ति की भावना जाग्रत करने के लिए देशभक्ति गीतों को लगाया गया है। शुक्रवार सायं को शुरू हुई इस व्यवस्था की शिवचौक से गुजरने वाले लोगों ने प्रशंसा करते हुए पालिका प्रशासन के प्रयासों को सराहा।

**इन्होंने कहा-**

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि शहरवासियों को तनाव भरे वातावरण में किसी भी आपात स्थिति की सूचना देने के लिए कई स्थानों पर वॉर सायरन लगाये गये हैं, इसके साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाया है। यह व्यवस्था पालिका प्रशासन कांवड़ यात्रा, गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर करती रही है। इस पब्लिक एड्रेस सिस्टम का कंट्रोल रूम पालिका मुख्यालय टाउनहाल में बनाया है। इसके सहारे शहर के लोगों को तत्काल ही किसी भी विपरीत स्थिति में सूचना का आदान प्रदान किया जायेगा।

### इमरजेन्सी के कारण प्रशिक्षण छोड़ वापस लौटी ईओ डॉ. प्रज्ञा

**मुजफ्फरनगर, 09 मई (बु.)।** नगरपालिका परिषद् की ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह भी देश में बढ़ते तनाव के बीच लखनऊ में आयोजित प्रशिक्षण को छोड़कर वापस नगर में लौटी हैं। बताया गया कि इस बीच शासन स्तर से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के बीच तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम को निरस्त कर दिया है। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह 7 से 9 मई तक नगरीय निकाय एवं शोध संस्थान गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित होने वाले विशेष प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए गई थी, उनको सोमवार शाम में आना था, लेकिन उनको बीच में ही वापस लौटना पड़ा।

## एसएसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण





**मुजफ्फरनगर, 9 मई (बु.)** शुक्रवार को एसएसपी संजय कुमार ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्हें गार्द सलामी दी गयी। उसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चैक करते हुए सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने शस्त्रों के रख-रखाव और अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया और शस्त्रों के रख-रखाव को अच्छे तरीके से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों के खाने-पीने की व्यवस्था के लिए संचालित भोजनालय का निरीक्षण की मेन्यू के हिसाब से प्रतिदिन पुलिसकर्मियों को पौष्टिक खाना देने के निर्देश दिए। उसके बाद उन्होंने बैरकों का निरीक्षण कर बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की। उन्होंने पुलिस कैफे व लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन स्थित मंदिर प्रांगण में चल रहे उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में सफल अभ्यर्थियों के मेडिकल परीक्षण आदि का निरीक्षण किया।

# मोदी ने राजनाथ और शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक की



**नई दिल्ली 09 मई (वार्ता)** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही सैन्य कार्रवाई के कारण निरन्तर बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार रात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक में स्थिति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री कार्यालय में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बैठक के बारे में जानकारी दी। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। रक्षा मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन कर की जा रही कार्रवाई तथा उसके जवाब में भारतीय सेनाओं की कार्रवाई की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तानी सेना संघर्ष विराम का उल्लंघन कर भारतीय सीमाओं में लगातार हमले करने की कोशिश कर रही है। आज भी भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने सांबा और जैसलमेर आदि क्षेत्रों में पाकिस्तान की ओर से भेजे गए ड्रोन को नष्ट कर हमले की कोशिशें को नाकाम कर दिया।

# पुलिस लाइन मैदान में दंगा नियंत्रण अभ्यास किया गया





**मुजफ्फरनगर, 9 मई (बु.)** जनपद में आपात स्थिति से निपटने व कानून व्यवस्था के चलते पुलिस कप्तान संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में पुलिस द्वारा दंगा नियंत्रण अभ्यास किया गया। इस दौरान मौजूद फोर्स को एन्टी रायट ड्रिल में प्रयोग किये जाने वाले दंगा नियंत्रण उपकरणों की जानकारी दी गयी । अभ्यास से पहले एसएसपी संजय कुमार द्वारा पुलिसबल को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि भीड़ के आकस्मिक एकत्रित होने व बलवा करने से उत्पन्न हुई स्थिति को काबू में करने के लिए तथा बलवाईयों को तितर-बितर करने के लिए एन्टी रायट ड्रिल का पुलिसबल द्वारा प्रयोग किया जाता है, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति बनी रहे। कभी भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जहां छोटी सी भी घटना विकराल रूप ले सकती है, जिसके लिए पहले से की तैयारियां बहुत अधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी ऐसी स्थिति के समय ड्यूटी में दंगा निरोधी उपकरणों से लैस रहेंगे, ताकि कोई असामाजिक तत्व सौहार्द्र एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है, तो पुलिस की तैयारियों के चलते उसका प्रयास विफल हो जायें। इस दौरान पुलिसबल को विभिन्न एन्टी रायट उपकरणों के बारे में जानकारी दी तथा ड्रिल का अभ्यास किये जाने से पहले स्वयं के द्वारा उपकरणों का डैमो दिया गया। साथ ही ड्रिल में मौजूद पुलिसबल को आपात स्थिति में आग पर काबू पाने और खुद का बचाव करने के तरीके भी बताए गये। इस दौरान पुलिस विभाग के एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल व एसपी क्राइम प्रशांत कुमार प्रसाद समेत सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।